तुलापुरुषास्नातस्यापि मण्डपस्थप्राप्तिरत्रौपपादिता। तत्र तुलारोहणादेः प्रधानवेद्यां कर्तव्यत्वेन वेदेः प्रधानदेशत्वात्तस्याश्च मध्यकार्यत्वोक्त्या मण्डपमध्यदेशस्य प्रधानदेशत्वं गम्यते। एवं चात्र तस्मिन् मण्डपे प्रप्ते मध्यदेशस्य प्रधानदेशत्वमवगतं न त्यक्तुं नाय्यम्। अत्र च प्रधानहोमोऽयुतहोमादिसमाख्यावशात्। तेनापि मण्डपमध्यभागे कुण्डम्।

किञ्च भविष्योत्तरे—अयुतलक्षहोमाद्युक्त्वा कोटिहोमं वदन् मण्डपमध्यभागे कुण्डमाह—मध्ये तु मण्डपस्यापि कुण्डं कुर्यात् विचक्षणः। अष्टहस्तप्रमाणेन आयामेन तथैव च॥

तत्र-तत्र विशेषविधिबलादेव भविष्यतीति वाच्यम्। लक्षहोमादेव कुण्डस्य प्राप्तत्वात्तत्ता न विधेयं येन विशिष्टविधिः स्यात्। एवं सति तदनुवादेन मध्यदेशविधानेऽष्टहस्तप्रमाणविधाने च वाक्यभेदः स्यात्। अतोऽस्मदुक्तमार्गेण मध्यदेशप्राप्तकुण्डानुवादेन तत्प्रमाणान्तरविधिर्लाघवात्। विकृतिगतानुवादेन च

प्रकृतावनवगतविशेषसिद्धिर्न्याय्या । यथा सत्रेऽर्धित्वाद्यनुवादेनज्योतिष्टोमे दक्षिणावैषम्यसिद्धिः । तस्मादपि मण्डपमध्यभागे कुण्डम् ।

वसिष्ठसंहितायां तु स्पष्टमुक्तम्—

**मण्डपं प्रकृत्य कुण्डं तन्मध्यभागे तु कारयेच्चतुरस्रकम् ।**
**वितस्तिद्वयखातं तत्कुण्डं स चतुरङ्गुलम् ॥ इति ॥**

नवकुण्डों पर कुण्डकल्पलता का अपना मत—

कुण्डकल्पतायाम्—अथ वक्ष्यमाणानि कुण्डानि तडोत्सर्गादौ अष्टचतुरस्रादि-नानाप्रकराण्यष्टौ तदसंभवे चतुरस्राणि वर्तुलानि वा कृत्वा नवममाचार्यकुण्डं वृत्तं चतुरस्रं वा पूर्वैशानयोर्मध्ये कुर्यात् । तदुक्त

शारदायाम्—

**अष्टास्वाशासु कुण्डानि रम्याकाराण्यनुक्रमात् ।**
**चतुरस्रं योनिमर्द्धचन्द्रं त्र्यस्रं सुवर्तुलम् ॥**
**षडस्रं पङ्कजाकारमष्टास्रं तानि नामतः ।**
**आचार्यकुण्डं मध्ये स्याद् गौरीपतिमहेन्द्रयो ॥**

आम्नायरहस्ये—

**नवकुण्डविधानेन दिक्षु कुंडाष्टके स्थित ।**
**नवमं कारयेत्कुण्ड पूर्वैशानदिगन्तरे ॥**
**कुण्डानि चतुरस्राणि वृत्तनानाकृतानि च ।**

सोमशंभूः—

**शस्तानि तानि वृत्तानि चतुरस्राणि वा सदा ॥**

अन्यत्रापि—

**वेदास्राण्येव तानि स्युर्वर्तुलाण्यथवा क्वचित् ।**

पञ्चकुण्डीपक्षे—

कुर्यात्कुंडानि चत्वारि चतुर्दिक्षु विचक्षणः ।
पञ्चमं कारयेत्कुंडमीशदिग्गोचरे द्विज ॥

स्त्रीणां तु लिङ्गे विशेषः स्त्रीणां कुण्डानि विप्रेन्द्र योन्याकाराणि कारयेत् । अत्र च दर्शपौर्णमासयोः पञ्चदशसामिधेनीरनुब्रूयात् सप्तदशवैश्यस्येति । वैश्यकर्तृके सामिधेनीसादृश्यवत्स्त्रीकर्तृकतुलाकुण्डानां योन्याकारत्वनियमादाकारान्तरनिवृत्तिः ।

यद्यपि लैङ्गे—नवकुण्डीप्रक्रमात् कुडानीति बहुवचने यथा प्राप्तानुवादान्नव कुण्डीपक्षे एव योन्याकारत्वमितिप्रतिभाति । तथाप्युद्देश्यगतसंख्या ग्रहेकत्ववदविवक्षितत्वान्मत्स्यपुराणोक्ते ।

चतुःकुण्डीपक्षेऽपि—स्त्रीणां योन्याकारतैव भवति । तथा ब्रह्माण्डदौ तुलापुरुषविकारे एवमेवकुण्डं तस्यापि स्त्रीकर्तृकत्वे योन्याकारेति ।

नव पञ्चाय वैकं वा कतव्यं लक्षणान्वितम्—नचात्र वाक्ये पक्षात्रयस्यापि समविकल्पित्वे नवपञ्चकुंडीपक्षयोरनुष्ठानापत्तेः । तस्मात्तत् फलस्य कर्मनिष्पत्तेः तेषां लोकवत्यपरिमाणतः फलविशेषः स्यान्नवपञ्चककुण्डपक्षाणां फलतारम्यमेव कल्प्यम् । तानि सर्वाणि दासु स्थापनादिषु कर्मसु । हस्तमात्राणिकार्याणीत्यर्थः ।

पुराणोक्ततुलादानादौ तु नवकुण्डीपक्षः श्रेष्ठः पञ्चकुण्डीपक्षः मध्यमः एककुण्डीपक्षः कनिष्ठः । रुद्रानुष्ठानायुतहोमलक्षहोमेष्वकमेव कुण्डमित्युक्तम् ॥ इति ॥

प्रतिष्ठादिमें—मण्डप सोलह हाथ या चौदह हाथ होगा । उसमें स्तंभ बाहर के बाहर सात हाथ के होंगे और भीतर मण्डप के चार स्तंभ साढ़े आठ के होंगे । इन स्तभों का पंचमाश भूमि के भीतर में रहेगा । मध्यवेदी—एक हाथ ऊँची सवापाँच हाथ आठ अगुल लम्बी-चौड़ी सोलह हाथ के मण्डप में होगी । चौदह हाथ के मण्डप में चार हाथ सोलह अँगुल की होगी । ऊँची एक हाथ होगी । कुण्ड चौतीस अंगुल का होगा । उसका प्रकार यह है कि—चौतीस अंगुल का जो

गज रहेगा उस चौतीस अंगुल के गज में चौतीस अंगुल का चौबीस अंगुल ही बनाना। उस हिसाब से दो अंगुल की नीचे की पहली मेखला, दूसरी तीन अंगुल की मेखला और तीसरी ऊपर की मेखला चार की होगी। इनकी लंबाई नव अगुल की होगी। चौड़ाई प्रथम दो अंगुल चौड़ाई, और दो अंगुल लबाई, दूसरी तीन अंगुल चौड़ाई तीन अंगुल लम्बाई और तीसरी चार अंगुल चौड़ाई होगी। योनी उसी पूर्ववाले गज से बाहर अंगुल लम्बी पश्चिम दिशा के ठीक मध्य से होगी। इसमें एक अंगुल कुण्ड के भीतर, एक अगुल कण्ठ और दस अंगुल बाहर रहेगी। इनकी चौड़ाई आठ अंगुल होगी। ऊपर और पीछे की तरफ बारह अंगुल ऊँची और कुण्ड के भीतर ग्यारह अंगुल ऊँची होगी। मध्य मेखला में परिन्तरण छिद्र होगा। नाभी दो अंगुल चौड़ी चार अंगुल लम्बी होगी। ध्वजा-दो हाथ चौड़ी पाँच हाथ लम्बी वाहन के साथ होगी। पताका—सात हाथ लम्बी एक हाथ लम्बी एक हाथ चौड़ी शस्त्र सहित होगी। इनमें गेरु आदि से शस्त्र – और वाहन बनेंगे।

## शतमुखकुण्डका बनानेका क्रम द्वैतनिर्णयसिद्धान्तसंग्रह के मतसे

शतमुख में अर्थात् सौ हाथ के समचतुरस्र मण्डप के तीन भाग पूर्व पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशा से करे। फी भाग ( हिस्सा ) तेतीस हाथ आठ अंगुल करे। इस तरह हो जानेपर मण्डप के मध्य नवमांश में दक्षिणोत्तर लम्बी तेतीस हाथ आठ अंगुल की रेखा बराबर को दे। प्रत्येक रेखा में पाँच-पाँच कुण्ड निर्मित होंगे। प्रत्येक कुण्ड का अन्तराल ( मध्य ) साढ़ेचार हाथ सात अंगुल होगा। अर्थात्—एक कुण्ड के बन जाने बाद दूसरा कुण्ड साढ़ेचार हाथ सात अंगुल जमीन छोड़कर बनेगा। इस तरह तरह दक्षिणोत्तर लम्बी रेखा में सब बीस कुण्ड बनेंगे। उन रेखाओं का अन्त सात हाथ आठ अंगुल होगा। सारांश यह है कि—एक रेखा दक्षिणोत्तर लम्बी देने पर दूसरी रेखा देते समय सात हाथ आठ अंगुल जमीन छोड़कर रेखा दे। इस तरह तीन और चार रेखा में व्यवस्था कर लेना चाहिये।

अब बचे हुए अस्सी कुण्डों का अवशिष्ट आठ नवमांशों में विभक्त करे। उसका प्रकार यह है कि प्रत्येक नवमांश में दो-दो कुण्ड बनेंगे। इस तरह आठ

आठ नवमांशों में कुल सोलह कुण्ड हुए। फिर उन्हीं आठ नवमांशों में क्रम से दिशा और विदिशा में आठ आठ आठ कुण्ड बन जाने से सौ कुण्डों का निर्माण सुगमतया से हो जायगा।

( क ) कुछलोग प्रधान वेदी ईशान देश में मानते हैं, पर बहुमत से पूर्वदिशा में ही प्रधान वेदी करना ही उचित है।

( ख ) इस मण्डप में स्तंभ मध्य के पचास हाथ के चारह गे। द्वितीय श्रेणी में—तेतीस हाथ आठ अंगुल के होंगे तृतीय श्रेणी में-पचीस हाथ के स्तभ होंगे।

( ग ) पूजन सोलह ही, स्तंभ का विशेष चिन्ह से चिन्हित करना चाहिये, यही विधान है। बाकी का कोई विधान तथ्य शास्त्रों में न ही मिलता है न देखने में ही आया है।

( घ ) सौ कुण्ड पचीस हाथ के मण्डप में न बनकर पचास हाथ के मण्डप में बन सकते हैं। लेकिन हजारों ब्राह्मण बैठकर इन कुण्डोंमें हवन नहीं कर सकते।

( च ) कुण्डस्य रूपं जानीयात्परमं प्रकृतेवपुः।
उदरं कुण्डमित्युक्तं योनिः पादौ तु पश्चिमे ॥

( छ ) कुण्ड तन्त्रोक्तमार्गेण निर्माथाथ सलक्षणम्।
रक्तमुच्छालिपिष्टाभ्याँ भूषयद्रकप्रिग यथा ॥

( ज ) विधानमालायाम्—

आयुर्वृद्धौ तथा शान्त्यै कोटिहोम चरेन्नृप।
कोटिहोमात्परं नास्ति कर्मारिष्टविनाशने।
न तत्तुल्यं तथा गङ्गा महोत्पातविनाशनम्।
कोटिहोमे यथाशक्तिलंक्षे वाऽप्ययुतं तथा ॥
प्रतिवर्षं प्रकर्तव्यं हवनं पुष्टिवर्धनम्।

### किसी के मत से दूसरा क्रम—

मध्य नवमांश में दक्षिणोत्तर लम्बी क्रम से चार रेखा दे। इन चार रेखाओं में क्रम से सात कुल अट्ठाइस कुण्ड होंगे। इनमें प्रत्येक कुण्ड का अन्तराल ( मध्य ) दो हाथ छः अंगुल का होगा।

अब अवशिष्ठ बहत्तर कुण्डों को आठ नवमांशों में विभक्त करे—

उसका प्रकार यह है कि—आठ नवमांशों में अलग-अलग दो-दो कुण्ड बनने से सोलह कुण्डों की व्यवस्था हो जायगी। तदनन्तर उन कुण्डों के बाहर परिधि रूप से तीन-तीन कुण्ड फिर बन जाने से चौबीस कुण्ड हो जायँगे। इसी रूप से चार-चार कुण्ड बनने से बत्तीस कुण्डों की व्यवस्था से गिनती में सौ कुण्ड हो जाते हैं।

इन कुण्डों का अन्तराल दो हाथ छः अंगुल ही होगा। ऐसी परिस्थिति में कुण्डों के समीप बैठने से उन कुण्डों की ज्वाला आदि द्वारा महान् क्लेश होगा। अतः यह पक्ष ही हेय है।

( १ ) इन कुण्डों में अग्निस्थापन नैऋ‍र्त्य कुण्ड में सर्वप्रथम करे। वही आचार्य कुण्ड होगा। क्योंकि कोई भी कुण्ड अत्यन्त मध्य स्थित न होने के कारण प्रागुदपवर्ग प्रचारानुरोध से नैऋ‍र्त्य कुण्ड ही आचार्य कुण्ड स्वीकृत न्यान्य प्राप्त है। यह शान्तिमयूख आदि निबन्धों का जोरदार मत है। प्रयोगपारिजातकार तो किसी तरह मध्य कुण्ड मानकर उसी को आचार्य कुण्ड कह उसी में सर्वप्रथम अग्निस्थापन करना चाहते है। यह ठीक नहीं। अतः नैऋ‍र्त्य कुण्ड से ही सर्वप्रथम अग्नि प्रणयन करे।

( २ ) कुछ आधुनिकों का मत है कि—

**कुर्यात्कुण्डानि चत्वारि प्रच्यादिषु विचक्षणः।**
**पञ्चमं कारयेत्कुण्डमीशानदिग्गोचरे॥**

और 'आचार्य कुण्डं मध्ये स्याद् गौरीपतिमहेन्द्रयोः। इन वचनों से ईशान आदि दिशा का कुण्ड आचार्य कुण्ड हो सकता है। क्योंकि इन वचनों का कोई बाधक वचन नहीं है।

पर यह कहना ठीक नही है। क्योंकि मत्स्य-पुराणादि में प्रतिष्ठा आदि प्रकरण में पठित होने से वहाँ ही चरितार्थ होंगे।

## शान्तिमयूखोक्त प्रकार से शतमुख कुण्ड का निर्माण—

सौ हाथ समचतुरस्र मण्डप का त्रिभाग हो जाने पर उस त्रिभाग के मध्य नवमांश में पूर्व दिया में— दक्षिण दिशा से उत्तर दिशा में ( उदक् संस्थ ) पाँच कुण्डों की एक पंक्ति लम्बी बनावे। इसी तरह पश्चिम दिशा में उदक् संस्थ–( दक्षिण से उत्तर ) तीन पंक्ती और हो जाने पर उनमें भी पाँच-पाँच कुण्ड बनेगे। इस तरह बीस कुण्डों की व्यवस्था हो जायगी।

इन पंक्तियों का अन्तराल आठ हाथ सात अंगुल होगा। और प्रत्येक कुण्ड का अन्तराल साढ़े सात हाथ सात अंगुल होगा।

अब अवशिष्ट अस्सी कुंडों की व्यवस्था बतलाते हैं—

उस मण्डप में बचे आठ नवमांशों के फी मध्य में दो-दो कुण्ड और बनने से सोलह कुंड होगे। फिर उन्ही आठ नवमांशों में बने दो दो कुण्डों के बाहर दिशा ओर विदिशा में आठ आठ कुण्ड और तैय्यार हो जाने स अस्सी कुण्डों की सुगमतया व्यवस्था हो जाती है। इस तरह सौ कुण्ड गिनती म आ जाते हैं।

( १ ) गौतमः —

कोटिहोमेषु नियमा बहवः सन्ति पार्थिव।
मौनं पद्मासनं ध्यानं हविष्यान्नं च भक्षणम्॥
स्थण्डिले शयनं गन्धताम्बूलादीनि वर्जयेत्।
मन्त्रान्तमुच्चरन् हुत्वा हविरुत्तानपाणिना॥
सत्यज्य विधिानेतान् ऋत्विजो वर्तन्सदा।
दोषाङ्गियमसन्त्यागान् न होमफल मश्नुते॥

( २ ) कोटिहोमे त्वाचार्यप्रार्थने विशेषः—

त्वं मे यतः पिता माता त्वं गतिस्त्वं परायणः ।
त्वत्प्रसादेन विप्रेंषे सर्वं में स्यान्मनोगतम् ॥
आपद्विमोक्षाय च मे कुरु यज्ञमनुत्तमम् ।
कोटिहोमाख्यमतुलं शान्त्यर्थं सार्वकालिकम् ॥

### दशमुख में पद्धति मत और किसी निबन्ध का मत –

पचास हाथ के समचतुरस्र मण्डप के नव भाग हो जाने पर उन नव भागों में क्रम से—कुंडों का निर्माण होगा । जैसे—मण्डप के निऋंतिदेश में – प्रथम कुण्ड, दूसरा—कुण्डपश्चिम देश में, तीसरा कुण्ड – वायुकोण में, चतुर्थ कुण्ड—दक्षिण दिश में, पाँचवाँ कुण्ड – मध्य के दक्षिण भाग के आधे हिस्से में और छठवाँ कुण्ड —मध्य के उत्तरार्ध भाग में होगा ।

यहाँ यह बात अवश्य वतला देना चाहिये कि—कुछ भाग पूर्वदिशा से और कुछ भाग पश्चिम दिशा से लेकर ही कुण्ड द्वय बनवाना चाहिए । अन्यथा कुण्ड बनने में बाधा पड़ सकती है ।

सातवाँ कुण्ड—उत्तर दिशा में, आठवाँ कुण्ड—अग्निदिशा में नवमा कुण्ड—पूर्वदिशा में और दशवाँ कुण्ड ईशानकोण में होगा । इन कुण्डों में आचार्य कुण्ड नैऋंत्य दिशा का ही प्रागुदपवर्गप्रचारानुरोध से होगा । जिसे प्रथम कुण्ड शब्द से कहा गया है । नवग्रहयाग में तो सर्वप्रधान सूर्य होने से मध्य का ही कुण्ड आचार्य कुण्ड होगा, यह शान्तिमयूखोक्ति ठीक है ।

### दशमुख शान्तिमयूख के मत में—

पचीस हाथ या पचास हाथ के समचतुरस्र मण्डप के नवभाग बराबर-बराबर के कर लेने पर पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशा का ज्ञान मात्र हो ऐसे मध्य नवमांश से बिलकुल सटे चार कुण्डों को बनावे । तात्पर्य यह है कि ये दिशाओं के कुण्ड मध्यनवमांश में ही अधिक रहेंगे, और उनके बनाने की

व्यवस्था ऐसी हो जिससे ब्राह्मण भी सुख से बैठ जाँय। और पूर्वदिशा के नवमांश में प्रधान वेदी होगी। बाकी बचे ७ नवमांशों में से छः में क्रम से छः कुण्ड बनवा दे। एक नवमांश बिलकुल ही छोड़ दे। इस तरह दस कुण्डों की व्यवस्था होगी। इसी पक्ष को द्वैतनिर्णयसिद्धान्त संग्रह आदि निबन्धों ने भी लिखा है।

## शतमुख मण्डपका निर्माण प्रकार—

सौ हाथ समचतुरस्र—पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशा से तैय्यार हो जानेपर उस मण्डप के चारों दिशाओं से सूत्रों द्वारा दस विभाग करने से प्रत्येक दस-दस हाथ परिमित सौ कोष्ठ होंगे। यह कुण्डरत्नावली और शान्तिसार का पक्ष है।

( १ ) प्राचीसूत्रमुदकसूत्र च दशधा विभज्य दश प्रागग्राणि दद्यात्। तेन दशहस्ताः शतं कोष्ठयः सम्पद्यन्ते। तेषां च मध्यं प्रसाध्य द्विहस्तकुण्डानि कुर्यात्। तानि चैकैकस्यां वीथ्यां दश दशेत्येव दशवीथी कुर्यादिति [ लिखितकोटिहोमपद्धतौ ]।

## द्विमुख मण्डप और कुण्ड—

पचीस हाथ के समचतुरस्र मंडप का भी भाग आठ हाथ आठ अंगुल करे। इस प्रकार नवभाग करने पर मध्य नवमांश में–पूर्व दिशा से और पश्चिम दिशा से कुछ हिस्सा लेकर उसके मध्य नवमांश में मिलाकर उसमें दो कुण्ड दक्षिणोत्तर बना देने से द्विमुख कुण्ड तैय्यार हो जायँगे। इसमें आचार्य कुण्ड दक्षिण दिशा वाला होगा। वही प्रधान कुण्ड कहा जायगा।

(१) क्रियासारे—

**नारिकेलदलैर्वापि पल्लवैर्वाथ वेणुभिः।**
**आच्छाद्या मंडपाः सर्वे द्वारवजे तु सर्वतः॥**

शारदातिलके—

**वितानधर्माद्यैरलं कुर्वीत मंडपम्॥**

गौतमीतन्त्रे—

पुष्पमालावितानाद्यं सर्वाश्चर्यमनोहरम् ॥

सिद्धान्तशेखरे—

कृतपल्लवमालाद्यं वितानैरुपशोभितम् ।
विचित्रवस्त्रसंछन्नं गुल्यस्तंभविभूषितम् ॥
फलैर्नानाविधैर्भक्ष्यैर्दर्पणैश्चामरैरपि ।
भूषितं मण्डपं कुर्याद्रक्तपुष्पसमुज्वलम् ॥

मण्डपस्तंभविषये—

कालोत्तरे-वस्त्रचन्दनपुष्पाद्यं वस्त्रचन्दभूषिताः ।

हयशीर्षपञ्चरात्रे—

दर्पणैश्चामरैर्घण्टैः स्तम्भान् वस्त्रैर्विभूषयेत् ॥

( २ ) कुंडकल्पलतायाम्—कोटिहोमं प्रकृत्य—हस्तैश्चतुर्भिस्तमध्ये कुण्डं कार्यं समन्ततः । तस्य चाकारविशेषानुक्तेः ।

### श्रौत और कर्मों में कुंड तथा मंडप मुख्य हैं या गौण स्मार्तादि—

श्रौत-स्मार्त और तान्त्रिक ये तीन प्रकार के कर्म हैं । पौराणिक कर्म तान्तित्रक में ही अन्तर्भूत हैं । पौराणिक कर्म को पृथक् मानने वाले चार प्रकार के कर्म मानते हैं ।

श्रौत और स्मार्त कर्म के प्रतिपादक आश्वलायन आदि श्रौत सूत्र गृह्यसूत्र मनु आदि स्मृति और गौतमादि धर्मसूत्र भी हैं । इनमें कुण्डमंडप की परिभाषा देखने में नहीं आती है । परन्तु मंडप का यज्ञशाला शब्द से और कुण्ड का वेदी शब्द से व्यवहार होता हैं ।

वेदं कृत्वा वेदिं करोति वेद्यामिव हुताशनः ।
अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्याः ॥

इत्यादि स्थलों में वेदी शब्द से कुण्ड का ग्रहण है। और यज्ञशाला, पत्नीशाला स्थलों में मंडप के लक्षण से यज्ञशाला आदि का लक्ष भिन्न है। तान्त्रिक तो सम चतुरस्र चार द्वार, चार उपद्वार और मध्य में ऊँचा मंडप कहते हैं। वैदिक तो एक द्वार, पताका आदि रहित तथा मध्येन्नति रहित मंडप बनाते हैं। योनी गर्त गर्तादि अभिमत नहीं हैं।

## कुण्ड मंडप की आवश्यकता—

नित्यं नैमित्तकं हित्वा सर्वमन्यत्समंडपम्—कोटिहोमपद्धति और मत्स्योक्त वचन से काम्यकर्म में मंडप आवश्यक है। नित्यं तथा नैमित्तिक कर्म में ऐच्छिक है। नित्यं नैमित्तिकं होम स्थण्डिल वा समाचरेत्। शारदालिक मत से नित्य और नैमित्तिक कर्म स्थण्डिल या कुण्ड में करें, परन्तु काम्यकर्म को कुण्ड में ही करे।

## कर्मभेद उनके उदारण विभिन्न मतों से—

कर्म तीन प्रकार के हैं, नित्य नैमित्तिक और काम्य। अहरहः सन्ध्यामुपासीत पञ्चयज्ञान्न हापयेत्। यावज्जीवमग्निहोत्रं सुहयात्। दर्शपूर्णपूर्णमासाभ्यां यजेत इत्यादि नित्यकर्म हैं। षण्णवतिश्राद्धादि नैमित्तवश किये जाते हैं। नित्य और नैमित्तिक कर्म न करने से प्रत्ययाय होता है। जिस कर्म को करने से प्रत्ययाय न हो और करने से वृद्धि हो उसे काम्य कहते हैं। जैसे—तीर्थयात्रा, व्रत, दान, यज्ञ, शान्तिक तथा पौष्टिक—यह मीमांसकमतानुसारिकर्मकाण्डियों का सिद्धान्त है।

**यज्ञों दान तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम्।**
**एतान्यपि तु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा फलानि च॥**

कर्तव्यानीति में पार्थ निश्चितं मतमुत्तमम् ( भ० गी० अ० १८ ) इत्यादि वचन से सिद्ध है कि फलाभिलाषी न होकर क्रियमाणकाम्यकर्म भी निष्काम कर्म होते हैं। यह वेदान्तियों का सिद्धान्त है।

## कुण्डमण्डप का प्रयोजन—

तीन प्रकार के कर्म होते हैं—दृष्टफल अदृफल और दृष्टफलक। वृष्टिकामः कारीर्या यजेत इत्यादिश्रुतिसे विहित कारीरेष्टयादि वृष्टिरूप ऐहिक फल का जनक

होने के कारण दृष्टफलक कर्म है। यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्। इत्यादि विधि-बोधित अग्निहोत्रादि अदृष्टफलक कर्म है। दध्नेन्द्रियकामस्य जुहुयात् इत्यादि इन्द्रियकामना के लिये अग्निहोत्रविधि दृष्टादृष्टफलक है। अग्निहोत्रविधि स्वस्वरूप से अदृष्टफलको दधिरूप गुणांश से दृष्ट इन्द्रियफल को भी उत्पन्न करता है। प्रश्न-प्रतियोगी और अभाव का विरोध होने कारण दृष्ट और अदृष्ट का एकत्र समावेश कैसे होगा। उत्तर-हम दृष्टादृष्ट का एकत्र समावेश नहीं कहते है किन्तु दध्नेन्द्रिय कामस्य जुहुयात् यह गुणविधि दृष्टादृफलक है। इतना ही कहते हैं, यह विरुद्ध नहीं है। घट और घृध्वंस दोनों का कारण जैसा दण्ड है। इसी प्रकार कुण्ड और अदृष्ट उभय फलक हैं। वप्र-गर्तादि अंश से हवि का सम्यक् पाक होता है और होताओं को ज्वाला आदि सम्बन्ध नही होता। इसलिये कुण्ड दृष्टफलक है और नही, भी योनी, भी कण्ठ आदि अंश से अदृष्टफलक भी है वहाँ दृष्टफल सम्भव नहीं है विधिवलात् नाभ्यादि निर्माण होता है। अतः स्वर्गादि अदृष्टफल की वहाँ कल्पना की जानी है। स स्वर्गः सर्वान् प्रत्यविष्टत्वात् इत्यादिशास्त्र से अश्रुतफल में स्वर्गफल माना जाता है। एवं मण्डप भी आतप वर्षादि का निवारक होने से दृष्टफलक है और स्तम्भपरिमाण, स्तम्भनिवेश का प्रकार विशेष इतर दारु का सन्निवेशप्रकारविशेष इत्यादि नियमांश से अदृष्टलक भी है। जैसे-व्रीहीनवहन्ति यहाँ पर अवहननविधि तण्डुलनिष्पादक होने के कारण दृष्टफल है और अवहनन से ही निष्पादक करना नखविदलनादिना नहीं करना इत्यादि नियमांश से अदृष्टफल भी है।

## मण्डप का लक्षण—

मण्डपोऽस्त्री जनाश्रयः—अमर०। यद्यपि मण्डपशब्द सामान्य जनाश्रयवाची है। तदनुसार उत्सार्थ गृहमण्डपाम्। लतामण्डपः। सभामण्डपः। इत्यादि प्रयोग भी मिलते हैं। तथापि प्रकृतोपयोगी तान्त्रिक परिभाषासिद्ध मण्डपलक्षण कहते हैं-पञ्चरात्राद्युक्तरचनावत् यज्ञायनत्व मण्डस्य लक्षणम्। पञ्चरात्राद्युक्त रचनावाला यज्ञ का आयतन मण्डप होता है। विशेषण न कहें तो वैदिक-यज्ञशालादि में अव्याप्ति होगी। और विशेष न कहें तो तो देव प्रसादादि में अतिव्याप्त है, इस-लिये दोनों आवश्यक है।

### मण्डप का स्वरूप—

मण्डप दो प्रकार का है-स्थिरस्वास्तुरूप और चलवास्तुरूप। प्रतिष्ठाद्यैककर्मोपयूक्तोऽस्थिरद्रव्यनिर्मितश्चलः। शिलेष्टकादिनिर्मितः पर्यायेण बहुकर्मोपयुक्तः स्थिरमण्डप इत्युच्यते। अस्थिर द्रव्य निर्मित चल और स्थिर द्रव्य निर्मित अचल मण्डप होता है। गर्भागारस्य पुरतः सुजनासीति मण्डपः। तत्र नन्दी तु संस्थाप्यो देवस्याभिमुखः स्थितः। तदग्रे नवरङ्गाख्ये मण्डपं रचयेत्सुधीः। तत्पुरो बलिपीठं च तदग्रे ध्वजवजदण्डकम्। तत ईशानदिग्भागे यागमण्डपमारचेत्। स्थिरवास्तुविधानेन शिवयागादिसिद्धिये। नात्र दार्वादिनियमो भविता द्वारमेक मुदीरितम्। तदा–तदा यागकाले तोरणं स्यात् पृथक्-पृथक्। यद्व्यं देवसदनं तद्द्रव्येणैव कारयेत्। नात्रोपयुक्तत्वदोषो भवितात्र स्वतः क्वचित्। तत्तत्कर्मसु पार्थक्याद्-द्वास्तुहोमादिकं चरेत् ( क्रियासार )।

### मण्डप का प्रकार-

तत्तत्कर्मोपयुक्तद्वादशहस्तादि विस्तारवान् प्रान्ते द्वादशभिर्मध्ये चतुर्भिश्चस्तम्भैर्विधृतः मध्योच्छ्रितश्चतुर्दिक्षु क्रमावतीर्णपटलश्चतुरस्रश्चतुर्दिक्षु द्वारतोरणवान् यथोक्तदारुसन्निवेशवान् किञ्चिदुच्छ्रितभूतभूमिकस्तान्त्रिकाभिमतोमण्डपः।

### कुण्ड का स्वरूप—

तत्तत्कर्मानुरूपपरिमाणवन् मेखला गर्त-कण्ठ-योनि-नाभिमत् अग्न्यायतनं तान्त्रिकाभिमतं कुण्डमुच्यते।

### स्थण्डिल का स्वरूप—

हवनकर्मपर्याप्तो वालुकादिद्रव्यैरास्तृतश्चतुरेकाद्यङ्गुलोत्सेधो भूभागः, स्थण्डिलम्—इसमें कुण्डधर्म मेखलादि कोई मानते है कोई नहीं मानते है। अतः मेखलादि कृताकृत हैं।

### न्यूनाधिकप्रमाण में भी कुण्ड और मडप कर्मोपयोगी होते हैं या नहीं—

शास्त्रमें कुण्डका प्रमाण होमसंख्याके अनुसार विहित है। उसमें भी मुष्टिमात्रकितं कुण्ड शतार्धे संप्रचक्षते ( शारदा० ) एकहस्तमिदं कुण्ड शतार्धे

सम्प्रचक्षते ( शारदा० ) यह दो प्रकार विहित है। सिद्धान्तशेखरमें त्रिकर व्यवस्था कोटिहोमपद्धतिकार ने की है— एतत् शीघ्रदाहिघृतादिद्रव्यहोमविषयम्। तिलयवादिस्थूलद्रव्यहोमे तु होमसंख्याविशेषाम्नातमेव कुण्ड ग्राह्यम्। घृतादि होमद्रव्यमे अल्पपरिमाण और स्थूलद्रव्यमें अधिक परिमाण का कुण्ड होता है। यह व्यवस्था विकल्प जहाँ दो वचनका तुल्यवलविरोध हो वहाँ माना जाता है। तुल्यबलविरोध विकल्पः—यह शास्त्रसिद्धान्त है। वह विकल्प दो प्रकारका है व्यवस्थिविकल्प और तुल्यविकल्प। जहाँ व्यवस्थापक कोई हो उसको व्यवस्थित कहते हैं। जहाँ व्यवस्थापक न हो उसको तुल्य कहते हैं। उदिते जुहोति अनुदिते जुहोति। यह दो वाक्य हैं। प्रथमश्रुतिसे सूर्योदयानन्तर अग्निहोत्र विहित है और द्वितीयश्रुतिसे सूर्योदयात् प्राक्सिद्ध है। ये दोनों श्रुतियाँ अग्निहोत्र विधायक नहीं हैं। अग्निहोत्र तो—यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्—इसीसे सिद्ध है, किन्तु अग्निहोत्र का अनुवाद करके तनङ्गभूतकाल विधायक ये श्रुति हैं इसीलिये इनको गुणविधि कहते हैं। यद्यपि यहाँ विधिवाचक लिङ्गादि नहीं है। तथापि लट्का लिङ्गत्वेन विपरिणाम होता है इन दोनों श्रुतियों का परस्परविरोध होने पर दोनों तुल्यबल हैं, अतः विकल्प का आश्रयण होता है। वह भी जिनके सूत्रमें उदितहोम विहित है—उनको उदित होमी होना चाहिये और जिनके सूत्र में अनुदितहोम विहित है— उनको अनुदित होम करना चाहिये। यह व्यवस्थित विकल्प है। अतिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति। नातिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति। इत्यादि में व्यवस्थापक न होनेसे तुल्यविकल्प है। अतः अतिरात्रयाग में षोडशिग्रह ग्रहण ऐच्छिक है। प्रकृतिमें कुण्ड के विषय में न्यूनाधिक व्यवस्थित परिमाण प्रतिपादक वाक्यों में व्यवस्थापक गुरुलघुद्रव्यादि हैं अतः विकल्प माना जाता है। इस प्रकार यावत्संख्याक होममें यावत्प्ररिमाण कुण्ड कहा जाता है। एतादृश न्यूनाधिक परिमाण कुण्डका भी कहीं कहीं उपयोग होता है। न्यूनसंख्योदिते कुण्डेऽधिको होमो विधीयते। अनुक्तकुण्डे न्यूनस्तु नाधिके शस्यते क्वचित् ( कोटिहोमपद्धतिः ) न्यूनसंख्यावाले कुण्ड में अधिक हवन होता है अधिक संख्यावाले कुण्ड में न्यूनहवन नहीं होता है। इस वचनसे न्यून कुण्ड में अधिक-होम शास्त्रकारों का अभिमत है तथा यह सिद्ध है। इसी प्रकार अधिक कुण्ड में

न्यूनहोम भी कहीं अभिमत है कोटिहोमपद्धति में न्यूनसङ्ख्येऽपि स्थूलद्रव्यपरिमाणाधिक्यादावधिकसंख्योक्तमपि कुण्ड भवति। अर्थात्परिमाणम्—इति कात्यायनोक्त। न्यूनसंख्यहोम में भी अधिकहोमसंख्यावाला कुण्ड होता है- यह लिखा है। कुण्डरत्नावली में भी - (आहुति) तारतम्यसे कुण्डविस्तार कहकर अन्तमें कहा है कि—कुण्ड व्यवस्था पृथुसूक्ष्ममानाद् द्रव्यस्य कार्या स्वधिया सुधीभिः कुण्डव्यवस्था द्रव्यके स्थूल और सूक्ष्ममानसे अपनी बुद्धिसे विद्वानों को करनी चाहिये। इससे सिद्ध होता है कि—चर्वादिगुरुद्रव्यहोम में अधिक प्रमाण भी कुण्ड ग्राह्य है। शतार्धेरत्निः स्यात्—इत्यादि वचनसे शतार्ध शत शहस्रादि हवन में कुण्ड का विधान सिद्ध हुआ। परन्तु शतादि आन्तरालिक संख्याक होम में कुण्ड परिकोण कितना हो इस शंकाको दूर करने के लिये 'न्यूनसंख्यादिते' यह वचन है। इसलिये नवशत अष्टशतादि अनुक्त कुण्डकहोम सहस्रहोमोदित कुण्ड में नहीं करना किन्तु पूर्वकथितशतसंख्याकहोमकुण्ड में ही करना यह सिद्ध होता है। इस प्रकार 'न्यूनसंख्योदिते' यह वचन अनुक्त कुण्डक आन्तरालिक होम में न्यून कुण्डका विधायक हुआ। तब यही वचन अधिक कुण्ड में गुरुद्रव्यक न्यून होम का निषेध नहीं कर सकता है। क्योंकि दो कार्य का विधान करने से वाक्य भेद दोष होता है। पूर्वार्द्ध से न्यूनकुण्ड में अधिक होमविधान और उत्तरार्द्धसे अधिक कुण्ड में न्यून होम का निषेध विधानद्वय करने में 'अनुक्त कुण्डो 'न्यूनस्तु' यह अनुक्त कुण्ड स्वरूप जो होम का विशेषण है, यह बाधित होता है। कदाचित् कहें कि—

न्यूनाधिकं न कर्तव्यं कुण्ड कुर्याद्धिनाशनम् परशुरा० ) इस वचनान्तर के रहते अधिक कुण्ड उपादेय नहीं हो सकता है, तो इसका उत्तर यह है कि यह वचन भी प्रकृतार्थ साधक नहीं है, किन्तु इस वचन का ही नाधिकाङ्ग लक्षण रहित कुण्ड निषेध में ही तात्पर्य है। इस वचन के पूर्व—

'आयामखातविस्तारायथातथं तथातथम्' यह वचन है और 'खातेऽधिके भवेद्रोगी हीने धेनुधनक्षय—यह उत्तर वचन है। इस प्रकार पूर्वापरपर्यालोचनया अलक्षण कुण्ड का निषेधक ही परशुराम वचन है, कि अधिक कुण्ड में अल्पाहुति का नहीं यह स्पष्ट है।

कोई विद्वान्—अनुक्तकुण्डो न्यूनस्तु नाधिके शस्यते क्वचित् । यहाँ क्वचित् शब्दसे अधिक कुण्डमात्रमें न्यूनहोम का निषेध करते हैं, परन्तु वह भी ठीक नहीं है, क्योंकि चार हाथ के कुण्ड में जिसमें दो-दो हाथ के चार भुजमान हैं वहाँ पर 'खात क्षेत्रसमं प्राहुः' इत्यादि शास्त्र से दो हाथ के खात करने पर कुण्डावकाशरूप क्षेत्रफल आठ हाथ का होता है, एवं द्वित्रिहस्तादि कुण्डमें सर्वत्र क्षेत्रफल के आधिक्य होने पर भी द्विहस्त त्रिहस्त चतुर्हस्त कुण्ड यही व्यवहार प्रमाणिक कहते हैं, विचार करने पर तत्तद्धोम के प्रति ये भी अधिक कुण्ड हैं। तो क्वचित् शब्द से यदि अधिक कुण्डत्वावच्छिन्न में न्यूनहोमसामान्य निषेध माना जाय तो इन कुण्डों का भी निषेध हो जायगा । कोटिहोमपद्धति में स्पष्ट कहा है कि—यद्यपि द्विहस्तत्रिहस्तादिकुण्डेषु हस्तमात्रमेव खातं यूक्तम् अन्यथा क्षेत्रफलाधिक्यात् । तथापि वचनादधिकमपि खातं न दोषाय, आगे चलकरलिखा है—

एतेन कुण्डभूतलमेव क्षेत्रफलमितिवदन्तः परास्ता ।
गर्तस्य न्यूनाधिक्येऽपि भूतले प्रमाणाधिक्यन्यूनत्वाद्यसंभवात् ।
सिद्धस्य भूतलस्य फलत्वायोगाच्च ।
साध्यस्त्ववकाशः फलत्वेनाभ्युपगन्तुं युक्तम् ।
न च ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेतेत्यादौ सिद्धस्यम् ।
स्वर्गस्य कथं फलत्वाभ्युपगम इत्याशङ्कनीयम् ।
तत्रापि साध्यस्य कर्तृस्वर्गसम्बन्धस्यैव फलत्वमिति सन्तोष्टव्यम् ।

कुण्डभूतल ही क्षेत्रफल है, यह भी ठीक नहीं है। जिस प्रकार द्वित्रिहस्तादि कुण्डमे क्षेत्रफलके आधिक्य होने पर भी न्यूनहोम वचनबलसे होता है। इसी प्रकार चर्वादिगुरुद्रव्यहोम भी में अधिक कुण्ड ग्रहण शास्त्रकारों को अभिप्रेत है । इससे सिद्ध हुआ कि न्यूनाधिक कुण्ड भी वचनबल से कहीं कर्मोपयोगी होता है एवं न्यूनाधिक मण्डप भी कर्मोपयोगी होता है। विशुद्धस्तप्रमाणेन मण्डपकूटमेव वा ( कोटिहोमप० ) । लक्षणरहित मण्डप को कूटमण्डप कहते हैं । यह कूटमण्डप स्वलक्षण मण्डप के अभाव में है ।

सलक्षण मण्डपासम्भवे छायामात्रं कर्तव्यम् ।

तत्र अपूर्वंप्रयुक्तत्वाद्धर्माणां यवेष्विव व्रीहिधर्माः

मण्डपपूजादयोऽप्यत्र भवन्ति ॥ ( कोटिहोम पद्धति )

अलक्षण मण्डप में भी यवों में व्रीहीधर्म के सदृश मण्डप पूजादि होते हैं। तात्पर्य यह है कि —दर्शपूर्णमासयाग में पुरोडाश के लिए व्रीही संस्कार के लिये—व्रीहीन् प्रोक्षति । व्रीहीनवहन्ति । इत्यादि श्रुति हैं। व्रीही के अभाव गृहीत होते हैं। वहाँ यवों का भी प्रोक्षणादि संस्कार हो या नहीं इस संशय में 'व्रीहीन् प्रोक्षति' इत्यादि विधिवाक्य में यव का ग्रहण नहीं है। अतः यव का प्रोक्षणादि संस्कार न होना चाहिये ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त हुआ। सिद्धान्त यह है कि व्रीहि प्रतिनिधियों का भी प्रोक्षणादि संस्कार होता है। असंस्कृत द्रव्य-याग योग्य नहीं होते हैं और अङ्ग कर्मसे जनित अपूर्वसाध्य परमापूर्व को धर्म पुण्य इत्यादिशब्दों से कहा है। यदि अङ्गजन्य लुप्त कर दिये जाँय तो परमापूर्व विकल होगा तथा परमापूर्व विकल होने से स्वर्गादि इष्ट फल का सार्थक न होगा। इसलिये अङ्गापूर्व के लिये यवों में भी प्रोक्षादि संस्कार होता हैं। इसी प्रकार--"मण्डपप्रतिनिधित्वेन उपादीयमान छायामण्डपमें भी अपूर्वोत्पत्ति के लिये वास्तुहोम मण्डपपूजादि होते हैं। इससे यह सिद्ध हुआ कि छाया मण्डप भी कर्मोपयोगी है। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि अलक्षणमण्डपानिन्दा परक वचन सलक्षण मण्डप सम्भव मे अलक्षण मण्डप निषेधपरक हैं।

## स्थण्डिलका स्थान—

कुण्डमेवं विधं स्यात् स्थण्डिले वा समाचरेत्—इत्यादिप्रमाणसे स्थानापन्न स्थण्डिल का भी वही स्थान है जो कुण्ड का है। तत्स्थानापन्नस्तद्धर्मं लभते स्थानधर्माणां स्थाण्यतिदेशः । कुण्डस्थानापन्न स्थण्डिल भी कुण्डस्नान में ही होता है स्थानान्तर में नहीं । सीमाभावे पूतीकानभिषुणुयात्— इत्यादि स्थल में सोम स्थानान्न पूतीकाओं में भी क्रय आप्यायनादि सब धर्म होते हैं। अतः हवन प्रधानकर्म में एक कुण्ड पक्ष में मध्य में कुण्ड होना निश्चित है तो कुण्डभाव में स्थाण्डिल भी मध्य में होगा। यदि मध्य में कुण्ड और १००। २०० आहुति

भी मण्डप में करना है। तब भी मध्यस्ति कुण्ड में अधिक प्रमाण में भी वह होना उचित है, कुण्डापार्श्व में स्थण्डिल निर्माणकर नहीं।

## कुण्डसिद्धिके मतानुसार कुण्डों का नाप—

( क ) एक हाथ के कुण्ड में चौबीस अंगुल होता है।
( ख ) दो हाथ के कुण्ड में चौंतीस अंगुल होता है।
( ग ) तीन हाथ के कुण्ड में इकतालीस अंगुल पाँच यव होता है।
( घ ) चार हाथ के कुण्ड में अड़तालीस अंगुल होता है।
( ङ ) पाँच हाथ के कुण्ड में तिरपन अंगुल पाँच यव होता है।
( च ) छः हाथ के कुण्ड में अट्ठावन अंगुल छः यव होता है।
( छ ) सात हाथ के कुण्ड में तिरसठ अंगुल चार यव होता है।
( ज ) आठ हाथ के कुण्ड में छाछठ अंगुल सात यव होता है।
( झ ) नव हाथ के कुण्ड में पचहत्तर अंगुल होता है।
( ञ ) दस हाथ के कुण्ड में पचहत्तर अंगुल सात यव होता है।

( १ ) पौष्कलसंहितायाम्—

नाकुंड हवनं यस्मात्सिद्धिकृःमंत्रयाजिनाम्।
तस्माकुण्ड सदा कार्यं सौत्रं वा जङ्गमं स्थिरम्॥

( २ ) उत्तरतन्त्रे—

नवैकादशकुण्डानि कुर्याद्उत्तममण्डपे।
चतुष्कुण्डी मध्यमे यात्कानिष्ठेककुण्डकम्॥

पुरश्चार्यार्णवे—

नव पक्षार्थ चैकं वा कर्तव्यं लक्षणान्वितम्।

( ३ ) क्रियासारे—

दिक्षु द्वाराणि चत्वारि कुर्यान्मण्डप मध्यतः।

( ४ ) कुंडकल्पतायाम्—

वर्जयेन्निम्बकाष्ठानि शकरार्कभवानि च।

अगस्तिशिग्रुवृक्षोभैमण्डप नैव कारयेत् ॥

( ५ ) यत्रादूनं प्रमाणं तु मण्डपादौ न चिन्तयेत्।

सूत्रस्याधो विलीयन्ते यूकालिक्षादयस्तथा ॥

( ६ ) पञ्चमेखला पक्ष में मेखलाओं को यथारुचि रंग द्वारा सुशोभित करे यह कोटिहोमपद्धति का मत है ॥

( ७ ) ध्वजापतादि अधिक भी मण्डप की शोभा बढ़ाने में रख सकते है। दश दिक्पालों की ध्वजा और पताकाओं से इनका कोई सम्बन्ध नहीं है। यह कोटिहोम पद्धतिकार लिखते हैं।

( ८ ) पवमानपद्धौ—समुद्रगा नदीतीरे सङ्गमे वा शिवालये। आरामे विष्णुगेहे वा देवखातादिसन्निधौ ॥ गृहस्येशानभागे वा गङ्गातीरे विशेषतः। स्थण्डिले पर्वताग्रे वा गृहाग्रे वा गृहाङ्गणे ॥ मण्डपस्तु प्रकर्तव्य शुभलक्षण-गृहाग्रेयदि कुर्वीत तत्समा कुण्ड परित्यजेत् ॥

( ९ ) अर्धचन्द्रकुण्ड—चतुरस्त्रक्षुत्र का चौबीस हिस्सा कर सवा दो अंगुल पूर्व दिशा में सवा दो हाथ पश्चिम दिशा में छोड़कर दक्षिणोत्तर रेखा देने से अर्धचंद्र कुण्ड बना जाता है।

दूसरा प्रकार—चतुरस्त्र कुण्ड में नव रेखा कर आदि और अन्त में एक-एक भाग को छोड़कर दक्षिणोत्तर रेखा द्वारा देने से तय्यार हो जाता है।

( १० ) पद्मकुण्ड—बारह अंगुल चार यव का एक वृत्त बनाकर उसके बाहर पन्द्रह अंगुल एक यव और दो यूका का दूसरा वृत्त बनाकर रेखा द्वारा कुण्ड बन सकता है। या छः छः अंगुल के पाँच वृत्त बनाकर पद्म बनावे। देखिये विशेष निर्णय सिन्धु में।

( ११ ) अरणी की लम्बाई चौबीस अंगुल, छः अंगुल और ऊँचाई चार अंगुल होती है।

( १२ ) जिस लकड़ी में रज्जू लपेट कर मन्थन किया जाता है । उसका नाम चात्र है । वह बारह अंगुल का होता है ।

( १३ ) चात्र को रोकने के वास्ते छिद्र युक्त जो ऊपर से लगाया जाता है। उसका नाम ओविली है । उसका भी प्रमाण बारह अंगुल होता है ।

( १४ ) जिस रस्सी से मन्थन किया जाता है । उसका नाम नेत्र है ।

( १५ ) चात्र के नीचे के हिस्से में उत्तरारणि से पृथक कर जो कील लगायी जाती है । वह आठ अंगुल की होती है । उसका नाम प्रमन्थ है ।

( १६ ) मन्थन के समय में अरणी को पृथ्वी पर केवल न रखकर कंबल मृग चर्म आदि के ऊपर रखने का विशेष नियम है ।

# कुण्ड-मण्डपके सम्बन्धमें आवश्यक विचार व कुण्डोंके भेद

## आठ प्रकार के कुण्ड–

चतुरस्र कुण्ड, योनिकुण्ड, अर्धचन्द्र कुण्ड, त्रिकोण, कुण्ड, वृत्त कुण्ड, ( वर्त्तुल कुण्ड ), षडस्र कुण्ड, पद्म कुण्ड और अष्टास्र कुण्ड— ये आठ प्रकारके कुण्ड होते हैं।

## एक कुण्ड–

एक कुण्ड के यज्ञ में मण्डपके मध्यमें ही कुण्ड बनता है। एक कुंड के यज्ञ चतुरस्त्र अथवा पद्म कुण्डका निर्माण किया जाता है, किन्तु कामना-भेदसे अन्य कुण्डका भी निर्माण हो सकता है।

## पाँच कुण्ड–

पाँच कुण्डके यज्ञमें पूर्वमें चतुरस्त्र, दक्षिणमें वृत्तार्ध ( अर्धचन्द्र ), पश्चिम में वृत्त ( वर्त्तुल ), उत्तर में पद्म और मध्यमें चतुरस्त्र कुण्ड ही ( आचार्यकुण्ड ) होता है।

## नव कुण्ड–

नव कुण्डके यज्ञ में पूर्व में चतुरस्त्र, अग्निकोणमें योनिकुण्ड, दक्षिणमें अर्धचन्द्र ( वृत्तार्ध ), नैर्ऋत्योणमें त्रिकोणमें, पश्चिममें वृत्त ( वर्त्तुल ), वायव्यकोणमें षडस्त्र, उत्तरमें पद्मकुण्ड, ईशान कोणमें अष्टास्त्र ( अष्टकोण ) और मध्यमें चतुरस्र कुण्ड ही ( आचार्यकुण्ड ) होता है।

## चार कुण्ड–

चार कुण्डके यज्ञ में बीचमें जो प्रधानवेदी होती है। पूर्वमें चतुरस्त्र, दक्षिणमें अर्धचन्द्र, पश्चिममें वृत्त और उत्तरमे पद्मकुण्ड होता है।

## नव कुण्डों की योनिपर विचार–

नव कुण्डके यज्ञ में चतुरस्त्र कुण्डकी योनि दक्षिण दिशामें उत्तराग्र होती है।

अग्निकोणमें योनिकुण्ड होता है। इसमें योनि नहीं होती।

दक्षिणमें अर्धचन्द्र कुण्डकी योनि दक्षिण दिशामें उत्तराग्र होती है।

नैऋर्त्य कोणमें त्रिकोण कुण्डकी योनि पश्चिम दिशामें पूर्वाग्र होती है।

पश्चिममें वृत्त कुण्डकी योनि पश्चिम दिशा में पूर्वाग्र है।

वायव्य कोणमें षडस्त्र कुण्डकी योनि पश्चिम दिशा में पूर्वाग्र होती है।

उत्तरमें पद्मकुण्ड की योनि पश्चिम दिशा में पूर्वाग्र होती है।

ईशानकोणमें अष्टास्त्र कुण्ड ( अष्टकोण ) की योनि पश्चिम दिशामें पूर्वाग्र होती है।

मध्यमें चतुरस्त्र कुण्डकी योनि पश्चिम दिशामें पूर्वाग्र होती है।

## पाँच कुण्डोंकी योनि पर विचार–

पाँच कुण्डके यज्ञमें मध्यके कुण्ड की ( चतुरस्त्र कुण्डकी ) योनि पश्चिम दिशा में पूर्वाग्रही है।

पूर्वमें चतुरस्त्र कुण्डी योनि दक्षिण दिशा उत्तराग्र होती है।

दक्षिणमें अर्धचन्द्र कुण्डकी योनि दक्षिण दिशा में उत्तराग्र होती है।

पश्चिममें वृत्त कुण्डकी योनि पश्चिम दिशा में पूर्वाग्र होती है।

उत्तरमें पद्मकुण्डकी योनि पश्चिम दिशा में पूर्वाग्र होती है।

## चार कुण्डों की योनि का विचार-

पूर्वमें चतुरस्त्र कुण्डकी योनि दक्षिण दिशामें उत्तराग्र होती है। दक्षिणमें अर्धचन्द्र कुण्डकी योनि दक्षिण दिशामें उत्तराग्र होती है। पश्चिममें वृत्त कुण्डकी योनि पश्चिम दिशामें पूर्वाग्र होती है। उत्तर पद्मकुण्डकी योनि पश्चिम दिशामें पूर्वाग्र होता है।

## मेखला और रंगका विचार कुण्डमें-

प्रत्येक कुण्डमें तीन-तीन मेखला होती हैं। ऊपरकी मेखलाका सफेद रंग, मध्यकी मेखलाका लाल रंग और नीचे की मेखलाका काला रंग होता है।

## कुछ कुण्डोंका अलग-अलग फल—

चतुरस्त्र कुण्ड समस्त प्रकारकी सिद्धिको देनेवाला है। योनिकुण्ड पुत्रको देनेवाला है। अर्धचन्द्र कुण्ड ( वृत्तार्ध कुण्ड शुभ फलको देनेवाला है। त्रिकोण कुण्ड शत्रुओंका नाश करनेवाला है। वृत्तकुण्ड ( वर्तुलकुण्ड ) शान्ति-स्थापन करनेवाला है। षडस्त्रकुण्ड मृत्युच्छेदन करनेवाला ( मृत्युको दूर करनेवाला ) है। पद्मकुण्ड वृष्टिको देनेवाला है। अष्टास्त्र कुण्ड रोगको हटानेवाला है।

## वर्णभेद से कुण्डनिर्माण की व्यावस्था—

एक कुण्डके यज्ञमें वर्णभेदसे ही कुण्ड बनाना चाहिये। जैसे—ब्राह्मण लिये चतुरस्त्र, क्षत्रियके लिये वृत्त ( वत्तुल ), वैश्यके लिये अर्धचन्द्र ( वृत्तार्ध ) और शूद्रके लिये त्रिकोण कुण्ड कहा गया है। अथवा वर्णचतुष्टयके लिये चतुरस्त्र या वृत्त कुण्ड कहा गया है।

स्त्री यदि यज्ञ करे, तो उसके लिये योनिकुण्ड अथवा चतुरस्त्र कुण्ड के लिए कहा गया है।

## विविध यज्ञों के कुण्डादि का विचार—

१—विष्णुयागमें १, ५ और ९ कुण्डों के निर्माण का विधान कुण्ड-मण्डपके ग्रन्थों में मिलता है।

२—प्रतिष्ठा और तुलादानादि के लिये ७ कुण्डका विधान 'नारद-पञ्चरात्र' में और चार कुण्डका विधान 'दानमयूख' में मिलता है।

३—एक कुण्ड के विष्णुयागमें एक कुण्डके महाविष्णुयाग में और एक कुण्डके अतिविष्णुयागमें ६ हाथ ( ५८ अंगुल और ६ यव ) का कुण्ड होता है।

४—विष्णुयाग ५ कुण्ड एक-एक हाथ ( चौबीस अंगुल ) लंबे और चौड़े होते।

५—महाविष्णुयागमें ५ कुण्ड दो-दो हाथ ( चौंतीस अङ्गुल ) लंबे और चौड़े होते हैं।

६—अतिविष्णुयागमें ५ कुण्ड चार-चार हाथ (अड़तालीस अङ्गुल ) के लंबे और चौड़े होते हैं।

७—रुद्रयागमें भी विष्णुयागकी तरह १, ५ और ९ कुण्ड होते हैं। कुछ लोग रुद्रयपदेन ११ कुंड बनाते हैं।

८—नवग्रहयागमें सूर्यकी प्रधानता होनेके कारण मध्य का कुंड ही प्रधानकुण्ड ( आचार्यकुंड ) होना चाहिये, यह 'शन्तिमयूखका' मत है।

९—कोटिहोममें १००, १०, २ अथवा १ कुंड होता है।

१०—सौ कुण्डोंके यज्ञमें सभी कुंड वृत्त, पद्म अथवा चतुरस्र होते हैं। दस कुंडोंके यज्ञमें सभी कुंड वृत्त, चतुरस्र अथवा पद्म होते हैं।

दो कुंडोंके यज्ञमें दोनों कुंड वृत्त, चतुरस्र अथवा पद्म होते हैं। एक कुण्डके यज्ञमें वृत्त चतुरस्र अथवा पद्मकुण्ड होता है।

११—कोटिहोममें प्रधानकुण्ड नैर्ऋत्यकोणमें होना चाहिये, यह 'शान्तिमयूख' आदिका मत है।

१२—कोटिहोम में प्रधानवेदी पूर्व दिशामें होती है।

१३—कोटिहोममें अग्निस्थापन प्रधानकुंडमें ही करना चाहिये और प्रधानकुंड से ही अग्नि ले जाकर अन्य कुंडों में अग्निस्थापन करना चाहिये।

१४—कोटिहोममें सौ कुंड हो, तो प्रत्येक कुंड एक-एक हाथ लंबा और चौड़ा होता है।

कोटिहोममें दस कुंड हो, तो प्रत्येक कुंड छ-छ हाथ लंबा और चौड़ा होता है।

कोटिहोम में दो कुंड हों, तो दोनों कुण्ड छः-छः हाथ लंबे और चौड़े होते हैं।

कोटिहोममें एक कुण्ड हो, तो आठ हाथ का अथवा दस हाथ का अथवा सोलह हाथ का कुण्ड होता है।

## आहुतियों के अनुसार कुण्ड का प्रमाण—

पचास से कम आहुति कुण्ड में नहीं होती, किन्तु स्थण्डिल होता है। पचास से निन्यानवे आहुति में इक्कीस अङ्गुलका ( बँधी हुई मुट्ठी भर हाथका ) कुण्ड होता है।

सौ से नौसौ निन्यावे तक आहुतिमें २१½ अंगुल ( अरत्निमात्र ) का कुण्ड होता है।

एक हजार—आहुतिमें १ हाथका कुण्ड होता है।

दस हजार– आहुतिमें २ हाथका कुण्ड होता है।

एक लाख—आहुतिमें २ हाथका कुण्ड होता है।

दस लाख—आहुतिमें ६ हाथका कुण्ड होता है।

एक करोड़—आहुतिमें ८ हाथका कुण्ड होता है।

शारदातिलक का मत है कि कोटिहोम में १० हाथका कुण्ड होना चाहिए—

'दशहस्तमितं कोटिहोमेऽपि दृश्यते।

किसी आचार्यका मत है कि कोटिहोममें सोलह हाथका कुण्ड होना चाहिये।

[ पेज ३६२ से ३६७ तक ]

[ उद्‌घृत अंश ]

# ग्रहपीठ व ग्रहकुण्ड आदि के निर्माण का प्रकार

## सूर्यपीठ[1]

### ( ग्रहों की आकृति बनाने का प्रकार )

एक अंगुल, सात यव और छः यूकाको प्रकालसे नापकर मध्यसे वृत्त बनावे तो द्वादशांगुलात्मक सूर्यका क्षेत्रफल होगा। १ अङ्गुल, ७ यव, ५ यूका और ४ लिक्षा का वृत्त बनावे। यह लघुपीठमाला का मत है।

---

(१) लघुपीठमालायम्—सूर्यस्यार्काङ्गुलं वृत्तमेकाद्रीषुचतुः कृतम्। तद् व्यासार्धं तेन सम्यक् जायते नेत्रसुन्दरम ॥ १ ॥ एक १ अद्रि ७ इषु ५ चतु ४ भिः क्रमेण अंगुल-लिक्षाभिर्व्यासार्द्धम्। तद्विगुणो व्यासः ३। ७। चान्द्र सिद्धाङ्गुल वेदकोणं वेदाद्रिपक्षयुक् ॥ २ ॥ वेद ४ आद्रि ७ पक्ष २ क्रमेणांगुलादिभिः इदं कोटिमानं भुजमान च। भौमस्याब्धिफलं अत्र्स्रं त्रिखा बुधिराहतम् ॥ ३ ॥ त्रि ३ ख० शून्य अम्बुधम ४ श्वत्वारोङ्गुलाद्याः' तै आ हतं भौमस्य चतुरङ्गुलं फलं त्रिकोणं पीटं त्रिकोणे त्रयो-भुजाः समप्रमाणाः। तत्राधस्तना भूमिः उपरितनी भुजो तन्मानं ३। ०। ४। चतुर्यवान्तरं वेदाङ्गुलं स्यात्त भुजद्वयम्। ऊर्ध्वाधस्तद्वयार्द्धश्च प्रत्येकं स्याच्चतुर्यवा। भूमिः षड्यववेदाभ्यां भुजाभ्यां षट्त्रिकोणम् तद्युक्तं बाणसमयं बुधपीटं प्रचक्षते ॥ ४ ॥ तर्काङ्गुलं गुरोः पीठ दस्रानलभुजद्वयम् ॥ ५ ॥ दस्रौ द्वयङ्गुलौ द्वौ भुजौ अनलौ व्यङ्गुलौ द्वौ भुजौ कोटिसंज्ञतश्चैकभुजैककोट्यौर्धातः फलं षडुल गुरुपीठम् ॥ शुक्रस्य पीठपञ्च स्रं कु न गेषु मिः व्यासेन वृत्ते पूर्वादिसमाज्याः पद मन्धगा। प्राञ्छिते बाह्यतो वृत्ते नवाङ्गुलफल मतम्। ६॥ वेदा ब्धि वेदा-ब्धि भूमिधनुः पीटं शनेश्चमात् मध्यस्थचतुरस्रस्य मानहीनात् षडङ्गुलम्। चतुरस्रे त्वपते चतुर्धनुः एकं धनुः फलं ग्राह्यं हीत्वा धनुस्त्रिकम ॥ ७ ॥

वेदाङ्गुलैर्वेदकोणे पूर्वतो रेखयोरिह तिर्यग ह्यग्यम्भोधिवृद्धिरधो बाह्वधमानतः। वृत्तेर्द्धे राहुपीठं स्याच्छूर्प सिद्धङ्गुलं शुभम् ॥ ८ ॥ प्रथमत

## चन्द्रपीठ—

चार अङ्गुल, सात यव और दो यूका का गज लेकर पूर्वकी तरफ एक लम्बी सीधी रेखा दे। उतनी ही दक्षिण दिशा की तरफ, उत्तर की तरफ तथा पश्चिम दिशा की तरफ देने से चतुरस्रपीठ बन जाता है।

---

एकं चतुरस्र तत्र भुजमानं ४।०।०। तदेव कोटिमानं ४।०।०। यत्र पूर्वयो रेखयोः तिर्यग् दक्षिणोत्तर द्वि ३ अग्नयः त्रयः अंभोधयः ४ दक्षिणे अर्धम् १।१।६। उत्तरे अर्धम्—१।१।६। अंगुलयवयूकानां वृद्धिः। अधो भूरमर्ध कृत्वा वृत्तद्वयं कार्यम्। चोपरिभूमिः ६।३।४ अधोभूमिः ४।०।०। अधोवृत्तव्यासार्धम्—१।०।०। तद्द्विगुणो व्यासः २।०।०। पूर्वापरौ गतौ बाहूकोटिरर्द्धाङ्गुला भवेत्। ऊर्ध्वमेकाङ्गुल हित्वा-हित्वा चापः शरागुंलम् चतुरेकांगुलयव लग्नास्यं व्यस्रभारभ केतोर्ध्वजा कुण्ड स्याद् गजा-गुऽलमित शुभम् ॥९॥ यावा भूमिः सप्तविंशाङ्गुलाब्धियावावृत्ताद्वावृत्ताज्यातियेः स्यात्। त्रयोविंशस्तत्र लम्बाङ्गुलश्च राहोः शूर्पं कुण्डमेत द्विचित्रम् ॥ प्रकारान्त-रपक्षः—सिद्धाऽङ्गुलो भवैल्लम्बः पश्चाद् भूमिर्नखाङ्गुला। पूर्वार्विंशतिः प्रोक्ता शूर्पं स्यात् ऋजु कोणके ॥ इत्यनेन पश्चाद् वृत्तं नास्तीति ध्वानितम्।

संग्रहाऽर्द्धं साधरामेण चापेन्तज्र्याहः स्याद् वृत्तपादो दिगंकात्।
सूत्राद्द्रोद्राद्बाह्यमौर्व्यर्हमेवं वृत्तं दद्याज्ज्यास्पृगेवं परार्द्धम् ॥
इषुवेदमितेन दीर्घदोष्णा गजदोष्णा लघुतापि च त्रिषष्ठिः।
जिनलम्बगणेन वार्द्धषट्त्रि भुप्रत्राधात्पूवदन्ति केतुकुण्डम् ॥
एकेन युग्मत्रिभिरङ्गुलीभिः परेणं धृत्या च मिलेन दोष्णा।
सुदीर्घवेदास्रमुशन्तिकुण्डं निगद्यतेऽथो द्विविधं शरोभम् ॥

नोट—देखिये-विशेष निर्णयसिन्धु-सटीक कृष्णभट्टी पृ० १०९१ और लिखित ग्रहपीठमाला की टीका में भी देखें।

**रूप नारायण मत से**—३ अंगुल, ७ यव, २ यूका और ४ लिक्षाका एक गोलाकार वृत्त बनावे। तदनन्तर उस वृत्तके ठीक मध्यसे दक्षिणोत्तर ७ अङ्गुल, छः यव और ५ यूका की एक लम्बी रेखा दे। ऐसा करने से दो वृतार्ध होंगे। उसमें से पश्चिम हिस्सेके वृत्तार्ध को मिटा देने से चौबीस अङ्गुलात्मक अर्धचन्द्र हो जायगा।

## मंगलपीठ–

**तीन** अंगुल और चार यूकाको गजसे नापकर उत्तर की तरफ एक सीधी रेखा दे। उस रेखाके अन्तिम सिरोंसे अर्थात् दोनों कोनें से अलग-अलग एक-एक टेढ़ी रेखा उतनी देनेसे मंगलपीठ बन जाता है या एक यूका, ५ यव और दो अंगुल लम्बी दक्षिणाग्र रेखा दे। ( दक्षिणाग्र या उत्तराग्रकरे–यह संस्काररत्नमालाका मत है।

**मंगलपीठ का दूसरा प्रकार**— ३ अंगुल ४ यव और छः यूका की एक लम्बी रेखा उत्तरदिशा की तरफ दे। तदनन्तर वायव्यकोणसे एक टेढ़ी रेखा २ अंगुल, ४ यव और छः यूका की ठीक दक्षिण दिशामें दे। वैसे ही ईशानकोणसे जो रेखा दे वह भी दक्षिण दिशावाली रेखा में मिलानेसे त्रिकोणपीठ बनेगा।

## बुधपीठ–

मध्यसे चार यव छोड़कर एक रेखा दक्षिणसे उत्तरकी तरफ चार अंगुल की लम्बी सीधी दे। वैसे ही चार अंगुल की मध्यरेखासे ४ यव छोड़कर उत्तरसे दक्षिणकी तरफ दे। तदनन्तर उत्तरदिशा की तरफ वाली रेखा के अन्तिम सिरे से दो यव पूर्व दिशाकी तरफ और यव पश्चिम दिक्षाकी तरफ बढ़ा दे। वैसे ही नीचे दक्षिणदिशाका दोनों रेखाओंको दक्षिणकी तरफ बढ़ा दे। फिर पूर्वदिशा में बड़ी २ यव वाली रेखाके अन्तिम सिरेसे दो अंगुल छः यव की एक रेखा टेढ़ी दे जो उत्तर मिले। वैसे ही पश्चिमकी तरफसे रेखा दे। ऐसा करनेसे बुधपीठ बन जाता है।

**रूपनारायण के मत से**—एक अंगुल, सात यव और छः यूका का एक गोलाकार वृत्त बनावे। तदनन्तर उस वृत्तके ठीक मध्य में एक लम्बी रेखा दक्षिणोत्तर दे। फिर उस आधे दो वृत्तों में से एक आधे वृत्तको मिटा देनेसे षडङ्गुलात्मक बुधपीठ बना जाता है।

## गुरुपीठ—

दो अंगुल चार यव और दो यूकाका एक गोलाकार वृत्त बनाकर उस वृत्तमें चार अंगुल चार यूका तथा दो लिक्षाका दूसारा वृत्त बनावे। तदनन्तर उस वृत्तमें बराबर-बराबर के सोलह चिह्न कर विदिशा के पाँचवे चिह्न से प्रारंभकर आठ पत्र बनाने से नव अंगुलात्मक पद्मा-कार आकृति वाला गुरुपीठ बन जाता है।

**रूपनारायण के मतसे**—मध्य से दो अंगुल की दक्षिणदिशाकी तरह एक सीधी रेखा करे, तदनन्तर पूर्व और पश्चिम की तरफ तीन-तीन अंगुलकी सीधी रेखा दे। फिर उत्तरदिशा की तरफ दो अंगुल की रेखा दे। ऐसा करनेसे दीर्घचतुरस्र गुरुपीठ बना जाता है।

## शुक्रपीठ—

**प्रकारान्तर**—एक अंगुल, सात यव और पाँच यूका का एक वृत्त बनाकर उस वृत्तमें पूर्वदिशासे दो अंगुल, दो यव और तीन यूका पर चिन्ह करनेसे पंचकोणात्मक शुक्रपीठ बन जाता है।

**रूपनारायण के मतसे**—तीन अंगुल, एक यव, दो यूका और चार लिक्षा को प्रकार से पूर्वदिशा, पश्चिम और उत्तरदिशासे नाप कर बनानेसे चतुष्कोण ( चारकोनेवाला ) शुक्रपीठ बन जाता है।

**प्रकारान्तर**—छः यूका छः यव और दो अंगुलके प्रकालसे नापकर एक गोलाकार वृत्त बनावे। तदनन्तर उस वृत्तके पूर्वदिशासे तीन अंगुल यव ओर छः यूका पर एक चिह्न करे। अर्थात्-कुल ५ चिह्न करे। फिर फी चिह्न से एक चिह्न छोड़कर तीसरे चिन्ह पर जो रेखा

दी जायगी उस रेखा का नाप २ यूका, तीन यव और ५ अंगुल परिमित होगा। उसे बाहू कहते हैं। इसी तरह की ४ रेखा ( बाहु ) और दे। तदनन्तर कोणोंको छोड़कर बाहुवों और वृत्तको मिटानेसे पंचकोणात्मक शुकपीठ बन जायगा।

प्रकारान्तर पक्षसे—एक अंगुल ७ यव और पाँच यूकाका वृत्त बनाकर उस वृत्तसे बराबर के पाँचभाग करने से शुक्रपीठ बन जाता है। यह पक्ष लघुपीठमाला का है।

## शनिपीठ—

चार अंगुल, चार यूका और चार लिक्षाका एक गोलाकार वृत्त बनाकर उस वृत्तके ठीक मध्य से एक जीवा अर्थात् लम्बी रेखा छः अंगुल, तीन यव और ५ यूका की (या ६। ६। ५) देने से धनुषाकार पीठ बन जाता है।

अथवा—छः अंगुल ३ यव और ५ यूका की दक्षिणोत्तर एक जीवा-रेखा दे। तदन्नतर ७ अंगुल, १ यव और तीन यूका के नापकी रस्सी या प्रकाल द्वारा नापनेसे धनुषाकार शनिपीठ हो जाता है। या-७।१।३। की दक्षिणोत्तरेखा दे व तदनन्तर ६।३।५ की देने से धनुषाकार शनि-पीठ वन जाता है।

अथवा—छः यूका ५ यव और दो अंगुल का वृत्त बनाकर वृत्त के ठीक मध्यसे छः यूका ५ यव और तीन अंगुल की एक लम्बी रेखा देनेसे शनिपीठ बन जाता है।

प्रकारान्तर पक्ष से— २ अंगुल, ५ यव, ४ यूका और ४ बालग्रका एक गोलाकार वृत्त बनाकर उस वृत्तके भीतर ठीक मध्यमें—३ अंगुल, ६ यव और ४ यूका के परिमाणसे ज्या देनेसे शनिपीठ बन जाता है।

प्रकारान्तरपक्षसे—एक वृत्त ४ अगुल, ४ यूका और ४ लिक्षाका बनाकर उस वृत्तमें एक चतुरस्र बनावे। ( उस चतुरस्र की भुजा ६।३।५ होगी और कोटी भी ६।३।५ होगी। अर्थात्—बराबर का

चतुरस्त्र बनेगा )। तदनन्तर वृत्त में जो चतुरस्त्र बना है। उस चतुरस्त्रसे बाहर और वृत्तके भीतर पूर्वदिशा, दक्षिणदिशा और उत्तरशिामें जो निकलती है उन जगहों को (अर्थात् –वृत्तके सहित जगहोंको चतुरस्त्र की तीन रेखाओंको मिटानेके धनुषाकर पीठ बन जायगा।

अथवा—२ अंगुल की भुजा और तीन अंगुल की कोटी बना कर शनिपीठ बन सकता है। यह भी लघुपीठमाला का मत है।

[1]प्रकारान्तर-( १ ) मुख काव्यास छः यव तीन यूका होगा। अर्थात् छः यव और तीन यूका का एक गोलाकार वृत्त बनावे। उसी में आँख, कान आदि बनावे। (२) तदनन्तर दक्षिणोत्तर लम्बी रेखा तीन अंगुल और चार यव की करे। उसीको पूर्वका भू कहते हैं। ( ३ ) फिर मध्य की लम्बाई तीन अंगुल की होती हुई अन्त में सकरी होगी। ( ४ ) कन्धे की चौड़ाई एक अंगुल और दो यव की होगी। ( ५ ) हाथ की लम्बाई सवा दो अंगुलकी होगी। ( ६ ) कटीभागकी

---

१. सार्धत्रांगुलमिता ३ । ४। पूर्वभागे भूः। तत्पश्चिमे भागे सार्धांगुलद्वयमित २।४ मुखम् । मध्ये—त्र्यङ्गुलमितो लम्बः । तत्पश्चिमभागे चरणो कार्यों। सपादमेकांगुला भूः १।२ षड्यवोन्मितं ६ मुखम् । त्र्यङ्गुलमिती लम्बः ३। एतादृशो दक्षिणचरण। तथैव वामः सपादमेकाङ्गुला १ । २ भूः। षड्यवोन्मितं मुखम् सार्धद्वयमितांगुलो लम्बः । एतादृशो दक्षिणहस्तः। तथैव धामः। तत्पूर्वभागे षड्यवयूकात्रय ६।३ मितेन। कर्कटेन वृत्तो तच्छिरः। एवं कृते सति द्वाविंशत्यङ्गुलक्षेत्रफलात्मकं २२ नर कृतिः शनिमण्डलं भवति।

क्षेत्रफल— (क) उदरक्षेत्रफल ९ अंगुल। (ख) मुख का क्षेत्रफल २ (ग) चरण का क्षेत्रफल ६ अंगुल। (घ) हाथ का क्षेत्रफल ५ अंगुल। कुल क्षेत्रफल जोड में २२ होगा।

लम्बाई दक्षिणोत्तर दो अंगुल चार यवकी होगी। ( ७ ) जांघकी एक अंगुल दो यवकी होगी। ( ८ ) चरणकी लम्बाई तीन अंगुल की होगी। ( ९ ) चरणका भाग ६ यव का होगा।

## राहुपीठ—

चार अंगुल पूर्व, चार अंगुल पश्चिम, चार अंगुल दक्षिण और चार अंगुल उत्तर रेखा एक चतुरस्र समकोण बनाकर उस चतुरस्र के बाहर ईशानकोण और अग्निकोण में २ अंगुल ३ यव ४ यूकाका आधा १।१।६। दक्षिण दिशाकी तरफ और १।१।६। उत्तर दिशा की तरफ बढ़ा दे। तदनन्तर बढ़े हुए भागोंसे क्रमसे एक एक टेढ़ी रेखा वहाँसे नैर्ऋत्यकोणमें और एक टेढ़ी रेखा वायव्यकोणमें बढ़ा दे। फिर उस चतुरस्र का नीचे की पश्चिम की तरफ दो भाग कर ( अर्थात् दो-दो अंगुल पर मध्यकर ) उनमें दो वृत्तार्ध अलग २ बनाये। वृत्तका व्यासार्ध १।०।० होगा अलग-अलग, अर्थात-प्रथम भाग में एक वृत्तार्ध दूसरे भाग में दूसरा वृत्तार्ध बनाकर भीतर का चतुरस्र मिटादेनेसे शूर्पाकार पीठ होता है।

[1]प्रकारान्तर पक्षसे—( १ ) मुख एक अंगुल यवाधिक व्यासार्ध से एक वृत्त बनावै। मुख और उदर मध्यमें दों यवका एक चतुरस्र चारों

---

१. तत्र उदरे अंगुलत्रयमित भुजः। अङ्गुल चतुष्टमिता कोटिः। उर्ध्व-भागों पार्श्वयोः सार्द्धाङ्गुल दीर्घौ एकांगुल विस्तृतौ द्वौ करौ। तवन्मितावधो भागे पार्श्वयोर्द्वौ चरणौ। यवाधिकैकाङ्गुलव्यासार्धेन कृतं मण्डलं मुखम्। मुखो-दरयोर्मध्ये यवद्वयकितश्चतुरस्रो गलः। मुखादग्रे यवद्वयेनोष्ठौ पुच्छे त्रिभुजे अङ्गुल-त्रयमिता भूमिः। सार्धाङ्गुलो लम्बः। एवं कृते पञ्चविंशत्यङ्गुल क्षेत्रफलात्मकं मकराकृति राहुमण्लं भवति।

क्षेत्रफल—(क) भुज और कोटी का क्षेत्रफल १२ अङ्गुल। (ख) मुख का क्षेत्रफल ४ अङ्गुल। ( ग ) ओष्ठ और गले का-एक अंगुल। (घ) हाथ और चरण का क्षेत्रफल ६ अंगुल। कुल जोड़ २५ क्षेत्रफल होगा।

तरफ से गला होगा। मुखके आगे दो यवका ओष्ठ रहेगा। (२) तीन अंगुल की भुजा रहेगी। (३) हाथ की चौड़ाई एक अङ्गुल चार यवकी होगी। (४) कोटी चार अङ्गुल की होगी। (५) नीचे पूछ ठीक मध्य में (अर्थात्-पुच्छे त्रिभुजे अंगुलत्रयमिता भूमिः) त्रिभुज करने पर ठीक मध्य से एक लम्बी रेखा उत्तरदिशा की तरफ जो होगी वह तीन अंगुल की होगी।

## प्रकारान्तरपक्ष लघुपीठमाला और संस्काररत्नमालासे-

(१) मध्य से पूर्व दिशामें चार अंगुल रेखा सीधी दे। (२) दक्षिणदिशासे—चार अंगुल सीधी रेखा दे। (३) पश्चिमदिशामें चार अंगुलकी सीधी रेखा दे। (४) और उत्तरदिशा में—चार अंगुलकी सीधी रेखा देना। ऐसा करनेसे चतुरस्र तय्यार हो जायगा। तदनन्तर उस चतुरस्रके बाहर अग्निकोणमें दक्षिणकी तरफ एक सीधी रेखा छः यूका, १ यव और एक अंगुल की हो। उस रेखाके अन्तिमसिरे पर चिन्ह करे। इसी तरह उत्तर की तरह (ईशानकोणमें) छः यव एक अंगुलकी सीधी रेखा बढ़ा दे। फिर नैर्ऋत्यकोणसे एक टेढ़ी रेखा दे जो दक्षिण दिशा (अग्निकोण) में बढ़े हुए भागके अन्तिमचिन्ह पर मिले। वैसे ही-वायव्यकोण से एक टेढ़ी रेखा दे जो उत्तरदिशा में (ईशानकोण) में बढ़े हुए भाग के अन्तिमसिरे में मिले।

तदन्तर—उस चतुररत्र के नीच के हिस्से में (अर्थात्-वायव्य और नैर्ऋत्यवाले में) अर्थात् पश्चिमदिशामें उस चतुरस्रका दो दो अंगुल का मध्यसे एक अंगुल के व्यासार्ध पर चिन्ह करे। ऐसा करने पर प्रकाल द्वारा अलग-अलग दो वृत्त बनावे। फिर चतुरस्र के भीतर का अर्धवृत्त और चतुरस्र मिटानेसे शूर्पाकारका बनेगा।

## केतुपीठ—

पूर्वदिशासे पश्चिमदिशामें एक लम्बी रेखा आठ अंगुल की दे। तदनन्तर पूर्वदिशा से चार यव अर्थात्—आधा अंगुल हटाकर दूसरी लंबी रेखा उस रेखासे हटाकर दक्षिण दिशाकी तरफ दे। फिर पश्चिम दिशासे दक्षिणवाली रेखासे अधोभागसे पाँच अंगुल पर चिन्ह करें और पूर्वदिशासे अर्थात्—ऊपरसे एक अंगुल छोड़कर उसी रेखा पर चिह्न करे। एक अंगुलसे एक सीधी रेखा चार अंगुल, एक यव की दक्षिण तरफ वैसे ही पाँचवें भागसे दूसरी रेखा टेढ़ी दे जो ऊपर वाली रेखा ४ अंगुल और १ यव में मिले। ऐसा करनेसे मध्यवाली रेखा होगी। उससे केतुपीठ बन जाता है।

प्रकारान्तर पक्षसे—( १ ) कोटी पाँच अंगुल लंबी ( २ ) वङ्ग का त्रिकोणलंबाई दो अंगुल ( ३ ) भुजा चार अंगुल की ( ४ ) सम चतुरस्त्र एक अंगुल की मध्य में मुष्टिका।

## सूर्यकुण्ड-

२७ अंगुल ६ यूकाके आधेको प्रकाल द्वारा नापकर मध्य विन्दु से एक गोलाकार वृत्त बनावे। इस कुण्डका नाम सूर्य कुण्ड होता है।

## चन्द्रकुण्ड—

१३ अंगुल ७ यव और ४ यूका आधा १६।६।५। को प्रकालसे नापकर मध्य बिन्दु से एक गोलाकार वृत्त बनावे। तदनन्तर उस

---

( १ ) तत्र खड्गाकृतौ फलकस्य चतुरङ्गुलो भुजः। पञ्चङ्गुला कोटिः। खड्गाग्रत्रिकोणे अंगुलद्वयमित्त लम्बः। चतुरंगुला भूमिः। उपरि समचतुरस्रा अंगुलैकामुष्टिका। एवंकृते पञ्चविंशत्यङ्गुलक्षेत्रफलात्मकं खड्गाकृति केतुमण्डलं भवति।

वृत्तसे (क) ईशानकोण से एक सीधी रेखा दे जो अग्निकोणमें मिले। (ख) अग्निकोणसे एक सीधी रेखा दे जो नैऋर्त्यकोणमें मिले। (ग) नैऋर्त्यकोणसे एक सीधी रेखा दे जो वायव्यकोणमें मिले। (घ) वायव्यकोणसे एक सीधी रेखा दे जो ईशानकोणमें मिले। ऐसा करने से वृत्तके भीतर एक चतुरस्र बनेगा उस चतुरस्र को चन्द्रकुण्ड कहा जाता है।

## मंगलकुण्ड—

४२ अंगुल, तथा १ यव का आधा कर प्रकाल द्वारा मध्य बिन्दु से एक गोलाकार वृत्त बनावे। तदनन्तर पूर्व दिशा मुख) बिन्दु से एक

---

क्षेत्रफल—भुज और कोटी का २० (ख) त्रिभुज का क्षेत्रफल ४ (ग) मुष्टिका क्षेत्रफल १ कुल २५ क्षेत्रफल हुआ।

(१) ३८ अंगुल दो यव और तीन यूकाका आधा कर प्रकालसे नापकर मध्य बिन्दुमें एक गोलाकार वृत्त करे। उस वृत्तमें दिक् साधानार्थ पूर्वदिशा (मुख) से एक लंबी लकीर दे जो पश्चिम (पुच्छ) दिशामें मिले। तदनन्तर उत्तर दिशा (वामपार्श्व) से एक एक लकीर लंबी रेखा दे दक्षिणदिशा (दक्षपार्श्व) में जाकर मिले। फिर दक्षिण से उत्तर वाली जो रेखा (लकीर) दिक्साधनके लिये दी है। उस लकीरका चार भाग कर उसके चतुर्थ भाग पर (अर्थात् तीसरे चिह्न पर) प्रकाल को रख उत्तर दिशासे दूसरे वृत्त की तरह बनावे। (यह ध्यान रखे की दूसरे वृत्त की रेखा पश्चिम दिशा) और मुख (पूर्वदिशा की रेखाको स्पर्श करती आ रही है या नहीं) तदनन्तर तीसरे चिह्न से एक सीधी रेखा पूर्वदिशा और पश्चिमदिशा की तरफ देनेसे अर्धचन्द्र चन्द्रमा) कुण्ड बन जाता है। तात्पर्य यह है कि यहाँ पर जा दो वृत्त बनाये गये हैं उस दूसरे वृत्त से ही अर्धचन्द्र बनेगा। प्रथम वृत्तके मध्यसे नहीं बनेगा।

**अथवा**—एक कुण्डपक्ष में वृत्तका दिक्साधन कर उस वृत्त में दो चिह्न और करनेसे चार भाग होगे। उसके तीसरे चिह्नसे पूर्वदिशाकी तरफ वृत्त बनावे। तदनन्तर तीसरे चिह्न से ही दक्षिणोत्तर एक सीधी रेखादेनेसे अर्धचन्द्रकुण्ड बन जाता है।

सीधी रेखा दे जो पश्चिम दिशा ( पुच्छ ) में मिले । फिर दक्षिण-दिशा ( दक्षपार्श्व ) एक सीधी रेखा दे जो उत्तरदिशा ( वालपार्श्व ) में मिले । वायव्यकोण से एक टेढ़ी रेखा दे जो दक्षिणदिशा में मिले । ईशानकोण से एक टेढ़ी रेखा दे जो दक्षिणदिशा में मिले । ऐसा करने से त्रिकोणकुण्ड बन जाता है ।

अथवा—नैर्ऋत्यकोण से एक सीधी रेखा दे जो वायव्यकोण में मिले । नैर्ऋत्यकोण से एक टेढ़ी रेखा दे जो उत्तरदिशा में मिले । वायव्यकोण से एक टेढ़ी रेखा दे, जो उत्तरदिशामें मिले । ऐसा करने से त्रिकोणकुण्ड बन जाता ।

## बुधकुण्ड का प्रथमप्रकार—

मध्य बिन्दु से चार अंगुल हटाकर दक्षिणदिशा की तरफ एक रेखा सीधी ३६ अंगुल की दे । ( अर्थात् मध्य बिन्दु से चार अंगुल इधर और १८ अंगुल उधर रेखा देने से ३६ अंगुल होगा ) वैसे ही मध्य बिन्दु से चार अंगुल हटाकर उत्तरदिशा की तरफ एक रेखा सीधी दे जो ३६ अंगुल की होगी ।

तदन्तर दोनों रेखाओं की समाप्ति पर उत्तरदिशा की ओर एक रेखा पूर्वसे पश्चिम दिशाकी तरफ दे जिसका नाप २४ अंगुल होगा ।

( तात्पर्य यह है कि २४ अंगुल की जो रेखा दी जायगी उस रेखा का आधा १२ अंगुल होगा । उस बारह अंगुल के मध्य बिन्दु वाली रेखा के अन्तिम सिरे पर रखने पर पूर्वदिशा की तरफ १२ अंगुल रेखा का नाप होगा । पश्चिमदिशा की तरफ भी १२ अंगुल रेखा का नाप होगा । यों निश्चयात्मक हो जाने पर मध्य बिन्दु से अंगुल हटाकर दक्षिण दिशा की तरफ जो ३६ अंगुलत्मक रेखा दी है और ४ अंगुल हटाकर उत्तर दिशा की तरफ जो रेखा दी है उन रेखाओं के मध्य में चार २ अंगुल और आजायेगा । ऐसी स्थित में दोनों छोर में अलग अलग आठ अंगुलके बनेगा । ) इसी प्रकार अन्य प्रकारों में व्यवस्था समझ लेनी चाहिये ) फिर मध्यबिन्दुमें एक सीधी

दे जो दोनों रेखाओंके बराबरके नापकी हो। इस तरह कुल लंबी ३६ अङ्गुलात्मक तीन रेखा हुई ऐसा पूर्ण ज्ञानहोनेपर मध्यवाली रेखा के अन्तिमसिरेसे एक रेखा सीधी उत्तर दिशाकी तरफ २४ अङ्गुलकी दे।

तदनन्तर—पूर्वदिशासे पश्चिमदिशावाली रेखा के दोनों कोनेसे एक एक टेढ़ी रेखा दे जो कि उत्तरदिशामें जाकर मिले ऐसा करनेसे बाण कुण्ड बन जाता है।

## द्वितीयप्रकार—

मध्य विन्दूसे ५ अंगुल दक्षिण दिशाकी तरफ हटाकर एक सीधी रेखा दे जो रेखा ३६ अंगुलात्मक होगी। तद्वत् मध्यविन्दू से ५ अंगुल हटाकर उत्तरदिशाकी तरफ एक रेखा सोधी ३६ अंगुलात्मक दे। अर्थात्—मध्यविन्दूसे ५ अंगुल हटाकर पूर्वदिशाकी तरफ ३६ अंगुलकी एक सीधी रेखा दे। तद्वत् मध्यबिन्दूसे पश्चिमदिशाकी तरफ ६ अंगुल हटाकर ३६ अंगुलकी एक रेखा सीधी दे। तदनन्तर—उत्तरदिशाकी तरफ मध्य विन्दुवाली रेखाको २३ अंगुल या २४ अंगुल एक सीधी रेखा उत्तर दिशाकी तरफ बढ़ा दे। फिर उत्तरदिशाकी तरफ जहाँ ३६ अंगुलात्मक रेखायें समाप्त हो चुकी हैं वहाँसे पूर्वदिशासे पश्चिम दिशाकी तरफ १८ अङ्गुल की एक सीधी रेखा दे। फिर इस १८ अंगुलकी रेखा के दोनों ओर से एक एक टेढ़ी रेखा दे जो जो उत्तर-दिशामें मिले। ऐसा करनेसे प्रकारान्तर बाणकुण्ड बनेगा।

## तृतीयप्रकार कुण्डरत्नावलीका—

९८ अंगुल और ७ यूका के आधे को प्रकाल से नापकर मध्य विन्दु से ४ अंगुल, ५ यव और ५ यूका हटाकर एक सीधी रेखा दक्षिणोत्तर ( पूर्वदिशाकी तरफ) दे। जिसकी लंबाई ३८।३।५।१२।४ अंगुल होगी। जिसे 'दण्डवृहज्ज्या' शब्दसे कहसकते हैं। तद्वत्—मध्य विन्दुसे दक्षिणोत्तर ( पश्चिम दिशाकी तरफ ५ अंगुल, ५ यव और ५ यूका हटाकर एक सीधी रेखा दे। जिसका माप ३८।५।१२।४ अंगुल होता है।

तदनन्तर मध्यविन्दुमें एक रेखा दक्षिणोत्तरदे जो रेखा पूर्वरेखाओंके बराबर हो अर्थात् ३८।५।१।२।४ अंगुल की अर्थात् तीनों रेखायें बराबर की हो ऐसा निश्चय हो जानेपर उत्तरदिशाकी तरफ मध्य रेखाकी समाप्ति पर बायी तरफसे ८ अंगुल, ३ यव और ४ यूका की एक रेखा दे। ७ यवकी एक सीधी रेखा पूर्वसे पश्चिमकी तरफ दे। दूसरी दाहिनी तरफ ८ अंगुल ३ और ४ यूका की एक रेखा दे। ( अर्थात्-वृत्तका आठ भाग कर पूर्व-मुख, अग्निकोण अंश ( स्कन्ध ) दक्षिणपार्श्व, निर्ऋतिकोण-श्रोणी ( कटी ) पश्चिम—पुच्छ, वायव्यश्रोणी (कटी) उत्तरपार्श्व, ईशानअंश (स्कंध) तरफ—मुख ( पूर्वदिशा ) के समीप स्कन्धसे एक सीधी रेखादे जो पुच्छके समीप श्रेणी ( कटि ) में मिले। उस रेखा का मध्य और मध्यविन्दूसे जो रेखाकी समाप्ति हुई है-मध्य एक होगा। इसके मध्यसे पूर्वदिशा की तरफ ८ अंगुल ३ यव और ४ यूकापर एक चिह्न करे। वैसे ही मध्य से पश्चिमकी तरफ ८ अंगुल ३ यव और ४ यूका पर चिह्न करे) फिर उत्तरदिशाकी तरफ पार्श्वका बायें का आधा और दाहिनेके आधे पर एक रेखा दे। तद्वत् दक्षिणकी तरफ दे। फिर मध्य विन्दुवाली रेखा के अन्तिमसिरे से एक सीधी रेखा जो उत्तर दिशाकी तरफ जाय। जिसका नाम १५।७।४।७।२।४ है। यदि मध्यशर २।१। ६।६।५७ को १५।७।४।७।२ से घटा दे तो उपरका हिस्सा रेखा का चाप हुआ। तदनन्तर दाहिनी तरफ ( दक्षिण तरफ ) पार्श्वका चार भाग करे। आदिके दो भाग छोड़कर 'मध्यके भाग अन्तिम सिरेसे दक्षिणदिशावाली रेखाके अन्तिमसिरे से एक टेढ़ी रेखा जो मध्य के अष्टास्त्रिज्याके भीतर मध्यवाली रेखाके कोनेमें मिले। वैसे ही उत्तर वाली रेखा के अन्तिम सिरे से एक टेढ़ी रेखा दे। फिर मध्यकी बची रेखा मिटा दे और वृतादि मिटानेसे बाणकुण्ड बनेगा।

गुरु कुण्ड—

१६ अंगुल, ३ यव और ७ यूका का आधा ( १८।१।७।४ ) कर

प्रकालले नापकर मध्य विन्दुसे एक गोलाकार वृत्त बनावे। तदनन्तर वृत्त के बराबर के चौबीस चिह्न कर ७ चिह्नको छोड़कर एक रेखा सीधी ( पूर्वदिशाकी तरफ ) दक्षिणोत्तर वृत्त के भीत्तर दे इस रेखा वृत्तके भीतर दे जिसका नाप ३१।४।६।२।५। होगा। सात रेखा छोड़ कर ( पश्चिमदिशाकी तरफ ) दक्षिणोत्तर दे। फिर दोनों कोनोंको ( जिसके मध्यमें तीन तीन रेखा रहेगी ) रेखा द्वारा मिला दे। इन दो रेखाओं का नाप अलग अलग १७ अंगुल, १ यव, ७ यूका और ४ लिक्षा होता है।

तात्पर्य यह है कि—दक्षिणदिशा के समीप दक्षपार्श्वसे एक सीधी रेखादे–जो उत्तरदिशाके समीप वामांश में मिले। जिसका नाम (३१। ४ ६।२।५ होगा। फिर दक्षश्रोणीसे एकरेखा सीधी देंगे जो वाम-पार्श्वमें मिलेगी। जिस रेखाका नाप ( ३१।४।६।२।५ ) होगा। जिसको 'वृहज्जा' से पुकारा जाता है। तदनन्तर वामपार्श्वं एक सीधी रेखा देंगे, जो वामांशमें मिलेगी जिसका नाम १८।१।७।४ होगा जिसको 'लघुज्या' से कहा जाता है। फिर दक्षश्रोणीसे एक सीधी रेखा दें, जो दक्षपार्श्व में मिलेगी इस रेखाका नाम १८।१।८४ है। जिसे लोग 'लघुज्या' कहते है। ऐसा करनेसे आयत गुरुकुण्ड बन जाता है।

## द्वितीय प्रकार–

जो रेखा ऊपर ३१।४।६।२।५।की है। वह इस दूसरे प्रकार में ३२ अंगुलकी रहेगी जिसे 'वृहज्ज्या' शब्द से कहा जाता है। दूसरे रेखा जो ऊपर १८। १। ७।४।की कही है। वह यहाँ दूसरे प्रकार में १८ अंगुल की कही है। जिसे 'लघुज्या' शब्द से कह सकते हैं।

## शुक्रकुण्ड--

३१ अंगुल और १ यव आधे व्यासको प्रकालसे नापकर एक वृत्त गोलाकार बनाकर उस वृत्तके बराबर पाँच भाग कर ( क )

पूर्वदिशासे एक टेढ़ी रेखा दक्षपार्श्व में मिला दे। ( ख ) दक्षपार्श्वसे एक टेढ़ी रेखा नैर्ऋत्यकोण में मिला दे। ( ग ) नैर्ऋत्यकोण से एक सीधी रेखा वामश्रोणी में मिला दे। (घ वामश्रोणीसे एक टेढ़ी रेखा वामांश में मिला दे। ( ङ ) वामांशसे एक टेढ़ी रेखा पूर्वदिशावाली रेखा में मिला दे। ऐसा करने से 'पञ्चास कुण्ड' बन जाता है।

## द्वितीयप्रकार—

एक चतुरस्र २४ अंगुल का बनाकर उस चतुरस्र के बाहर चारों दिशाओं में पूर्व, पच्छिम, दक्षिण, उत्तर २४ अंगुलका सातवां भाग प्रत्येक दिशा में बढ़ाकर चतुरस्रको मध्य और चतुरस्रके बाहरके बढ़े हुए हिस्सेमें प्रकाल रख एक वृत्त गोलाकार बनाकर पूर्वोक्त व्यवस्था से ५ रेखा करने से पञ्चास्र कुण्ड बन जाता है।

## शनिकुण्ड—

मध्य केन्द्र से २९।२।५ के आध से (१४।५।२।)से एक गोलाकार वृत्त बनाकर उस वृत्त के दक्षपार्श्वको केन्द्र मानकर दक्षिणदिशा को केन्द्र मानकर प्रथम वृत्तके आधेसे प्रकाल घुमानेसे अर्थात् प्रथमवृत्तके मध्यमें पिलसिन रखे दक्षिण दिशामें प्रकालका शंकु रखकर घुमा देनेसे दूसरा वृत्त बनेगा। तात्पर्य यह है कि दूसरे वृत्तके आधे में चला जायगा। फिर उन दोनों वृत्तोंमें ज्या दक्षिणोत्तर मध्य से दे। तदनन्तर दोनों वृत्तोंके बाहर मध्य हिस्सेसे ४ अंगुल, ७ यव और १ यूका बायीं तरफ और ४ अंगुल, ७ यव और १ यूका दाहिनी तरफर बढ़ा दे। इस पूर्ण रेखा का नाप ५३।५।७ होगा और केवल दोनों तरफ का मिलाकर षष्ठांश ९।६।१ होगा अर्थात् ५३।५७। से ९।६।१ घटादेंगे तो भीतर वृत्तोंकी ज्याका नाप ४३।७।६ होगा। फिर बायें वृत्तके आठ भाग बराबर बराबर के करे। ( १ ) पूर्वदिशाको मुख कहे। ( २ ) अग्निकोणको अंगुश ( स्कन्ध ) कहे। ( ३ ) दक्षिणदिशाको पार्श्व कहें। ( ४ )

निऋर्तिकोणको श्रोणी कहे। (५) पश्चिमदिशाको पुच्छ कहे। वायव्यकोण श्रोणी (कटी) कहे। (६) उत्तरदिशाको पार्श्व कहे। ईशानको ङ्गुश (स्कन्ध) कहे। इसी प्रकार दाहिने वृत्त में भी आठ भाग की कल्पना करे।

तदनन्तर—बायें पार्श्वमें बढ़ी रेखा (४।७।१) के अन्तिम सिरेसे एक टेढ़ी रेखा दे, जो अंश और पार्श्वका जो मध्य है उसमें मिले। वैसे ही दाहिने तरफ रेखा (५।७।१) के अन्तिमसिरेसे अंश और पार्श्वका जो मध्य रेखामें मिला दे। फिर कारीगरसे कहकर कुण्ड रत्नावली के नकशे (सिद्धरूप को को दिखाकर उपरी भाग में अर्थात् पार्श्व और ङ्गुंश के मध्य में जो रेखा टेढ़ी दी है, वहाँ से धनुष्य के रूपको कुछ उठा दे और दूसरी तरफ वृत्त के ऊपरी भाग से स्कन्ध और पार्श्वके मध्यवाली टेढ़ी रेखा से धनुषका आकार बनावे। फिर सब नीचे के भागको मिटादेनेसे धनुषाकार कुण्ड बन जाता है। यही पक्ष उत्तम है।

मध्यकेन्द्रसे—दक्षिणदिशाकी तरफ १०।४।५। अंगुल हटाकर एक चिह्न करे। इस चिह्न से एक वृत्त १४।५।२ का बनावे। तदनन्तर मध्यकेन्द्रसे दक्षिणदिशाकी तरफ १०।४।५ अंगुल हटाकर १४।५।२ का वृत्त बनावे। तदनन्तर वृत्तके बराबर बराबरके आठ भाग करे। (१) पूर्वदिशा—मुख होगा (२) अग्निकोण ङ्गुश (स्कन्ध) होगा (३) दक्षिणदिशा पार्श्व (४) निऋर्तिकोण श्रोणी (५) पश्चिम दिशा पुच्छ (६) वायव्यकोण—श्रोणी कटी (७) उत्तर-दिशा पार्श्व (८) ईशानकोण-ङ्गुश (स्कन्ध) होगा। इसी प्रकार बायें वृत्त में भी कल्पना करे। तदनन्तर वृत्त में कल्पना करे। तदनन्तर वृत्तके भीतर ठीक मध्यसे एक रेखा दक्षिणोत्तर लंबी सीधी दे। फिर वृत्तके बाई तरफ (दक्षिणोत्तर लंबी रेखा के अन्तिम सिरे से) दक्षिण दिशासे एक रेखा लंबी—५।७।१ बढ़ा दे। वैसे ही उत्तर दिशा से एक लंबी रेखा ४।७।१। बड़ा दे। तदनन्तर—

दक्षिणदिशामें पार्श्व और स्कन्ध के मध्य में चिह्न कर ४।७।१। वाली रेखाके अन्तिमसिरेसे एक रेखा टेढ़ी ले जाकर पार्श्व और स्कन्धके मध्य चिह्न में मिला दे। वैसे ही उत्तर दिशा में—पार्श्व और स्कन्ध-के मध्यमें चिह्न कर ४।७।१ वाली—रेखाके

अ ब = ४२ ॥ अगुल, अ क = ३ ॥ अंगुल, क ब = २१ अंगुल, □ क ड उ ब = संग्राहार्धफलम् = ७३ अंगुल ४ यव, इ प क = वृत्तपाद-फलम् = ७८।४, प च ज त्रिभुजफलम् अ क इ त्रिभुज फल = कोणां-शफलम् $\frac{७७}{४} = \frac{४९}{८} = \frac{१५}{८} + ४९ = \frac{२०३}{८}$ = अंगुल २५। यव ३।

ज्यास्पृक् सूत्रान्तश्चतुरस्रम् = प फ ज उ □ तत्फलम् अर्थात्-चतुरस्र-फलम् = ११०। यह आधे का फल है। अर्थात्-मध्यसे साढ़े चौबीस अंगुल का एक आधा चाप बनावे इसका फल—२८७।३ होगा। दोनों चापका फल ५७६ होगा। मध्यसे जो एक रेखा पूर्व पश्चिम होगी वह १७ अंगुल की होगी।

अर्थात्—प और उ व्यासार्धवृत्तम्। एतत् वृत्तबहिर्गतं यद् चतुरस्रं तदेवागन्तुकं समचतुरस्रम्। तत्रैको भुजः अंगुल। ४८४ = २२ × २२ = आगन्तुक चतुरस्रफलम्। ३८० = वृत्तफलम्। यस्य व्यासः = २२। १०४।

---

नोट कुण्डरत्नावाली में जो १ श्लोक है उसकी जगह 'मध्याद् व्यासाग्नि भागे स्वरविलवविहीने कृते' ऐसा पढ़ा जाय तो अच्छा मालुम होता है। व्यास २९।२।४ का तृतीयांश निकाल कर ९।६।१ को द्वादशांश-अर्थात् स्वमति व्यास का (२९।२।४ का जो द्वादशांश-हो उसको तृतीयांश में घटा दे को ७।२।५ होगा।

[ (२) २९।२।४ का आधा १४।५।२ हुआ १४।५।२ को २९।२।४ में जोड़ेगे तो ४३।७।६ होगा। अर्थात्—सार्द्धव्यासार्ध होगा। उसमें षष्ठांश जोड़ेगे तो ९।६।१ को ५३।५।७ होगा। इतनी बढ़ी वृत्तों में और बाहर ज्या होगी। २९।२।४ का चतुर्थांश ७।२।५। ]

नोट विशेष निर्णयसिन्धु में देखें।

## राहुकुण्ड का प्रथमप्रकार—

३८ अगुल ३ यव और २ यूकाके आधेको ( १९।१।५ ) प्रकाल से नापकर मध्य विन्दुसे एक गोलाकार वृत्त बनावे। तदनन्तर (१) मुखसे एकसीधी रेखा दे जो वामश्रोणीमें मिले। (२) दशांशसे एक सीधी रेखा दे जो पुच्छमें मिले। (३) वामांश से एक सीधी रेखा दे जो दक्षपार्श्वमें मिले। (४) वामपार्श्वसे एक सीधी रेखा दे जो दक्ष-श्रोणीमें मिले। ऐसा करने से मध्यमें एक चतुरस्र बन जाता है। फिर वामपार्श्व से एक टेढ़ी रेखा दे जो वामांशसे मिले। अर्थात् वामांश-वाली रेखा और मुखवाली रेखा के सन्धिमें जाकर मिले। वैसे ही दक्षश्रोणीसे एक टेढ़ी रेखा दे जो दक्षपार्श्वमें मिले। अर्थात्-पुच्छवाली रेखा और दक्षपार्श्ववाली सन्धिमें जाकर मिले। फिर—जो रेखा वामांशसे दक्षपार्श्वकोणमें गई है उस रेखा में अर्थात्— वामांश और मुख की सन्धि से और दक्षपार्श्व पुच्छवाली रेखाकी सन्धि के बीचके हिस्सेका मध्यसाधन कर दो वृत्तार्ध बनावे। अर्थात्—आधे वृत्त बनाने से शूर्पकुण्ड बन जाता है।

---

(१) सग्राहोर्धे सार्धरामेण चापेन्तर्जोर्हा स्याद् वृत्तपादोदिकङ्कात्। सूत्राद्रौद्राद्बाह्यमौर्व्यर्हमेवं वृत्तं दद्याज्ज्यास्पृगेवं परार्धम्॥ चापे यदर्ष तत्र सार्धत्र्यङ्गुलेन संग्राहः भागः कर्तव्यः। ततः दशाङ्गुलात्सूत्रा-दन्तर्ज्यार्हः वृत्तपादः कर्तव्यः। तथा तत्र एकादशाङ्गुलेन सूत्रेण चापज्यास्पृक् बाह्यज्यार्ह वृत्तं दद्यात्। तथा च व्यासं ग्राहचिन्हयोरन्तरं २१ एकत्रिंशत्यङ्गुलं भवति। एवमेव द्वितीयार्धं भवति। अन्तर्बहि-र्ज्यार्हत्वं तदसत्वार्थम्। अत्र फलं संग्राहार्धफलम्—७३।४। वृत्तपाद-फलम्-७८।४। ज्यास्पृक् सूत्रान्तश्चतुरस्रफलम् तत्र एका कोटिः ११ पराकोटिः १० कोणांशफलम् २६ तत्रागन्तुके चतुरस्रे अंशत्रयं ७८ स्पृक् सूत्रान्तश्चतुरस्रफलम् तत्र एका कोटिः १० कोणांशफलम् २६ तत्रागन्तुके चतुरस्रे अंशत्रयं ७८ त्यक्त्वा शेषांशो ग्राह्यः २६। तथा

द्वितीय प्रकार—३९ अंगुल ६ यूकाका आधा नापकर मध्य बिन्दुसे एक गोलाकार वृत्त बनावे। तदनन्तर पूर्ववत् सब क्रिया करे। केवल वामांशवाली रेखामें जो दो वृत्तार्ध (शूर्पके आकारकी तरह बने हैं) वे इन दूसरे प्रकार में न बनकर केवल उतनी जमीनका मध्य साधनकर मध्यमें प्रकाल रख ईशानवाली सन्धिसे घुमाकर दूसरी सन्धि में मिला देनेसे शूर्पकुण्ड बन जाता है।

राहुकुण्ड—तात्पर्य यह है-दक्षश्रोणीसे रेखाका नाप ७२ अंगुल ४ यव है। दक्षपार्श्व से वामांशकी रेखाका नाप १५ अंगुल है और चतुरस्रके भीतर वाली रेखा पुच्छ और मुखकी रेखाका नाप अलग अलग ६३ अंगुल है। दक्षश्रोणी और वामपार्श्व वाली रेखा जो चतुरस्र के बाहर पड़ेगी वह अलग २६ अंगुल २ यव है अर्थात् दोनों छोर दक्षश्रोणी और वामपार्श्व १२ अंगुल ४ यव है। वामांशवाली रेखाका अर्थात् चतुरस्रका मध्य (१५ अंगुलका आधा ७।। अंगुल का) साधन कर प्रकालसे घुमा दे तो धनुषाकारकुण्ड बन जाता है। यह लघुपीठमालाका प्रकार है।

अथवा—२८ अंगुल दक्षश्रोणीवाली रेखा दक्षपार्श्वकी रेखा १० अंगुल की मुख और पुच्छ की रेखा जो चतुरस्र के भीतर है। वह अलग अलग २४, २४ अंगुल को है। इसमें इतने ही बननेसे शूर्प बनजाता है। यह लघुपीठमालाका दूसरा प्रकार है।

---

च ७३।४। एवं ७८।४ एवं ११० एकत्र २२८ एवं परार्धस्य २८८ मिलितम्—५७६।

नोट—जोड़ में २८८।७३।४, ७८।४, ११, २५ ३, २८८। आता है। पाँच यव का अन्तर पड़ता है।

नोट—मुद्रित संस्काररत्नमाला, संस्कारगणपति, कुण्डरत्नावली, लिखित—ग्रहपीठमाला आदि भी देखिये।

## केतु कुण्ड का प्रथम प्रकार—

(१) (क) मध्य विन्दु से ३ अंगुल हटाकर एक सीधी रेखा पूर्व से पश्चिम अर्थात्—दक्षिण दिशा में दे जिसका नाप ५४ अगुल होगा। (२) मध्य बिन्दु से ४ अंगुल हटकार एक सीधी रेखा पश्चिम से पूर्व अर्थात्—उत्तर दिशा में दे जिसका नाप ४५ अंगुल होगा। (अर्थात् मध्य विन्दु से ४ अंगुल हटाकर साढ़े बाइस अंगुल की रेखा पूर्व दशामें और साढ़े बाइस अंगुल पश्चिम दिशामें (दक्षिण दिशा में) दे। वैसे ही साढ़े बाइस अंगुल की सीधी रेखा पश्चिम दिशा में और २२॥ अंगुल पूर्व दिशा में (उत्तर दिशा में) दे, (३) तदनन्तर दक्षिण दिशा वाली रेखा में—पूर्व दिशा से ९ अंगुल पर एक चिह्न करे। (४) उस चिह्न से फिर ९ अंगुल पर दूसरा चिन्ह करे ऐसा करने से दो चिन्ह नव नव अंगुल के अलग २ हुए। वैसे कुल जगह १८ अंगुल हुई। (४) तदनन्तर जो पूर्व दिशा से ९ अंगुल पर चिन्ह किया है उस चिन्ह से २४ अंगुल की एक सीधी रेखा दक्षिण दिशा की तरफ ले जाय। (५) दक्षिण दिशा वाली रेखा के पूर्व दिशासे एक टेढ़ी रेखा दे जो दक्षिण दिशा में २४ अंगुल वाली रेखा के अन्तिम सिरे में मिले। वैसे ही दूसरे ९ अंगुलात्मक चिन्ह से एक टेढ़ी रेखा दे जो २४ अंगुल वाली रेखा के अन्तिम सिरे में मिले। ऐसा करने से केतु कुण्ड ध्वजाकर बन जाता है। (क) मध्य बिन्दु को स्पर्श करती हुई एक रेखा मुख से प्रारंभकर (पूर्व दिशा से) पुच्छ (पश्चिम दिशा तक) में मिला दे।

## द्वितीय प्रकार—

जैसे मण्डप १६ हाथ है तो फी भाग ५ हाथ ८ अंगुल होगा। तो वायव्यकोण का भाग भी ५ हाथ ८ अंगुल का होगा उसका मध्य दो हाथ ९९ अंगुल होगा। उस मध्यसे (२९।०।०।६) इक्कीस अंगुल ६ लिक्षा उत्तर की तरफ हटकर एक चिन्ह कहे उस चिन्ह से २९ अंगुल शून्य यव ६ यूका एक गोलाकार वृत्त बनाकर उस मध्य से

( यह मध्य की दण्ड बृहज्या ५८। १ । ४ होगी ) दो अंगुल और ५ यूका हटाकर एक रेखा दे जो पूर्व में पश्चिम दिशा की तरफ हो अर्थात् दक्षिण दिशा की तरफ हो। वैसे ही उसी मध्य से २ अंगुल और ५ यूका हटाकर उत्तर की तरफ एक पूर्व से पश्चिम एक रेखा दे। जिन दोनों रेखाओं का नाम अलग ५८।० । ३ होगा। तदनन्तर पूर्व दिशा से एक रेखा दक्षिणोत्तर देकर दोनों रेखाओं के अग्रभाग को मिला दे। वैसे ही पश्चिम दिशा से दक्षिणोत्तर दोनों रेखाओं के अग्रभाग से रेखा द्वारा मिला दे।

तदनन्तर दक्षिण दिशा वाली रेखा का ४ भाग बराबर बराबर करे। फी भाग १४ अंगुल, ४ यव, शून्य यूका और छः बालाग्र होगा। अर्थात् दक्षिण दिशा का अपूर्व दिशा से एक चिन्ह १४ । ४ । ० । ६ पर करे। तदनन्तर दूसरा चिन्ह वहाँ से १४ । ४ । ० । ६ पर मध्यसे करे। वही रेखा का मध्य होगा। तदनन्तर पूर्व दिशा जो १४ । ४ । ० । ६ पर चिन्ह किया है। वहाँ से एक सीधी रेखा दक्षिण दिशा की तरफ दे जिसका नाप २३ । ४ होगा। अर्थात् वहाँ से जो रेखा चलेगी वह अग्निकोण ( दक्षांश ) परिधिके २४ अंशमें लगेगी। फिर पूर्व दिशा से एक टेढ़ी रेखा दे जो दक्षिण दिशा में दी हुई रेखा के अन्तिम सिरे में मिले। और मध्य में पश्चिम दिशा से एक टेढ़ी रेखा दे जो दक्षिण वाली रेखा के अन्तिम सिरे में मिले। ऐसा करने से ध्वजाकार कुण्ड बनेगा।

---

नोट—३५ अंगुल की जो रेखा दक्षिण दिशा में दी गई। जिसे 'दण्ड बृहज्जा' शब्द से कह सकते हैं। उस रेखा के पाँच भाग करे। फी भाग ७ अंगुल का होगा।

नोट—व्यास ५८ । १ । ४ । गुणलव १९ । ३ । १ । ३ । इनांश १ । ४ । ७ । ३ । गुणलव और द्वादश का जोड़ २१ ।०।०।६ । होगा।

## तृतीय प्रकार केतु कुण्ड का कुण्डरत्नावली से–

५८ अंगुल, १ यव और ४ यूका के आधे को १४।४।३। प्रकाल से नाप कर मध्यविन्दु से दो अंगुल और ५ यूका हटाकर एक रेखा दक्षिण दिशा की तरफ ( पूर्व से पश्चिम दिशा की तरफ दे। तद्वत् मध्य विन्दु से दो अंगुल और ५ यूका हटाकर उत्तर दिशा की तरफ ( पूर्व से पश्चिम दिशा की तरफ ) दे। इस रेखा नाप अलग-अलग ५८ अंगुल, ३ यूका होगा जिसे ध्वजदण्ड बृहज्ज्या शब्द से कहा जाता है। तदनन्तर पूर्व दिशा से दोनों रेखाओं को मिला दे रेखा द्वारा दक्षिणोत्तर। वैसी ही पश्चिम तरफ मिला दक्षिणोत्तर। ध्वजदण्ड बृहज्ज्या से दक्षिण दिशावाली रेखा जो है। जिसका नाप ५८।३। है उसका चार भाग करे प्रत्येक भाग अर्थात्—फी भाग १४ अंगुल, ४ यव, शून्य यूका और छः बालाग्र होगा। अर्थात् पूर्व दिशा से १४। ४।०।६ पर चिह्न करे। वह प्रथम चिह्न से १४।४।०।६। पर दूसरी चिह्न करे। तदनन्तर प्रथम चिह्न से एक रेखा दक्षिण दिशा की तरफ दे, जिस रेखा का नाप लंबाई २३।०।७।४ होगा। फिर—पूर्व दिशा के कोने से एक टेढ़ी रेखा दे, जो दक्षिण दिशा में बढ़ी हुई रेखामें ( २३।१।७।४ ) में मिले। वैसे ही दक्षिण दिशा से एक रेखा २३।०। ७४ वाली में मिले। ऐसा करने से केतु कुण्ड बन जाता है।

विशेष—कुण्डरत्नावली में जो श्लोक है—[ मध्यात् घायोर्दिशायां ततिगुण ] ३ लवके स्वेन भागेन हीने कृते। ऐसा पढ़ा जाय तो उत्तम मालुम होता है। व्यास ५८।१।४ तृतीयांश १९।३।१।४ स्वद्वादशांश हुआ। व्यास ५८।१।४ का १२ वाँ भाग ४।६।६।३ हुआ इसको तृतीयांश से घटाने से १४।४।३।०। होगा। यही पक्ष उत्तम है।

अर्थात् मध्य केन्द्र से १४।४। । का एक वृत्त बनाकर उस वृत्तमें पूर्व ओर पश्चिम में एक रेखा लंबी दे जिसकी लंबाई ५८।१।१४ होगी। इस रेखा के मध्य भाग से एक रेखा दक्षिण की तरफ ( अंगुल और

२ यूका हटाकर होगी। इस रेखा का जो होगा उस मध्यमें पूर्व दिशा की तरफ १४।४।३। पर एक चिह्न होगा। इसकी लम्बाई दक्षिण की तरफ २३।०।६।४ होगी।

## अ१ कुण्डों में योनि का स्थान निर्देश—

कुण्डरत्नावल्याम्—

पश्चास्रं च त्र्यस्रक बाणकुण्डं दीर्घाम्नायास्त्रीति सौम्याग्निकाणि।
चापं शूर्प पश्चिमज्य च केतुर्दक्षाग्रः स्यात्सौमिकं चोत्तरास्यम्॥

निर्णयसिन्धुटीकायाम्—

षष्टिर्बाणैः सौम्यदिश्यग्र एव त्र्यस्रं तादृक्शूर्पक पश्चिमास्यम्।
बार्हस्पस्पत्यं सौम्यदीर्घं धनुस्तत्पश्चाद् दिग्ज्यं शुक्रियं सौम्यकोणम्॥

——: ❀ :——

नोट—(१) मध्य विन्दु की रेखा का नाप ५८ अंगुल २ युका होगा जिसे दण्ड बृहज्ज्या शब्द से कहते हैं। और २५।१।४।४ वाली रेखा का नाप मध्य विन्दु से होगा। दक्षिण दिशा वाली रेखा से तो १३।०।७।४ होगा। पूरी रेखा का नाप दक्षिण से उतर जायगी। अर्थात् पूर्वदिशा से जो मध्य १४।४।०।६ पर करेंगे वही रेखा पूरी ५०।३।१ की होगी।

# परिशिष्ट भागः

यज्ञसम्बन्धित विविध विषयों पर विवेचन

१—किसी भी यज्ञ को पूर्ण करवाने के लिए सर्वप्रथम आचार्य का वरण किया जाता हैं पश्चात् ब्रह्मा, गणपति, सदस्य, उपद्रष्टा ऋत्विकका वरण क्रमानुसार ही होता है।

२—प्रधानत: यज्ञ दोप्रकार के होते हैं, श्रौतयज्ञ तथा स्मार्न्तयज्ञ है।

३—वैदिक ग्रन्थों के अनुसार यज्ञ के दो भेद हैं - यज्ञ और महायज्ञ

४—मनु ने शूद्र प्रकरण में लिखा हैं कि - यदि शूद्र मंत्ररहित यज्ञ करना चाहे तो वे कर सकते है।

५—यज्ञादि कर्मों में समस्त नई सामग्री का उपयोग करना चाहिये।

६—काना, कोढ़ि, मूर्ख, क्रोधी, वर्णशंकर, कालेदाँत वाला, निन्दित, पतित, नपुंसक, कुदेश अर्थात विदेश में रहने वाले अंगहीन, भयंकर आकृतिवाला अधिककृष्णवर्ण वाले ब्राह्मणोंसे जपादि-कार्य न करावें।

७—अत्रि स्मृति के अनुसार—भेड़-बकरी पालनेवाला, चित्रकार, वैद्य, ज्योतिषी इन चार प्रकार के ब्राह्मण यदि बृहस्पति के तुल्य विद्वान् हो तो भी इनका यज्ञादिमें पूजन नहीं करना चाहिये।

८—धार्मिक कार्यो में सिले हुए, जले हुए, फटेहुए तथा किसी अन्य के वस्त्र को धारण करने का निषेध है।

९—यज्ञ करने वाले यजमान को यज्ञ के अंत में ब्राह्माण को गौ और वस्त्र देना चाहिये।

१०-देवयात्रा, विवाह यज्ञक्रिया तथा सभी प्रकार के उत्सवों में स्पर्शास्पर्श का विचार नही होता है।

११-यज्ञ की समाप्ति पर ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा देनी क्योंकि ब्रह्मवैवर्तपुराण में भी दक्षिणा रहित यज्ञका निषेध किया गया है। तथा यज्ञ में अन्य ऋत्विजों की अपेक्षा आचार्य को द्विगुणित दक्षिणा देनी चाहिये।

१२-यज्ञार्थ शूद्र से धन मांगने से मनुष्य मरने के बाद चाण्डाल होता है।

१३-जिस कर्म में बैठकर स्वाहाकार पूर्वक हविद्रव्य का त्याग किया जायें उसे होम कहते है।

१४-होम में मृगी, हंसी तथा सूकरी यह तीन प्रकार की मुद्रा कही गयी है। मुद्रा के बिना किया गया होग सर्वथा निष्फल होता है।

१५—उत्तम मण्डप बत्तीस, चौबीस, बीस, अठारह तथा सोलह हाथ का लंबा और चौड़ा कहा गया है।
मध्यम मण्डप चौदह तथा बारह हाथ का लंबा और चौड़ा कहा गया है।
अधम मण्डप दसहाथ का लंबा और चौड़ा कहा गया है।
कुछ लोग हाथके मण्डपकों भी अधम कहते हैं।

१६ —मण्डपकी ऊँचाई एक हाथ या आधा होती है।

१७—मण्डके भीतर चारों दिशाओं में चार वेदी बनती हैं। जैसे—ईशानकोणमें ग्रहवेदी, अग्निकोणमें योगिनीवेदी, नैर्ऋत्योणमें वास्तुवेदी और वायव्यकोण में क्षेत्रपालवेदी बनती है।

१८—विष्णुयाग में प्रधानवेदी पूर्व और दक्षिण दिशा के मध्य में ही होती हैं।

१९—रुद्रयागमें प्रधानवेदी ईशानकोण में ही होती है।

२०—रुद्रयागमें प्रधानवेदीके दक्षिणमें 'ग्रहवेदी' होती है।

२१—प्रधानवेदी एक हाथ ऊँची और दो हाथ चौड़ी होती है। अन्य क्षेत्रपाल आदि की चारों वेदियाँ एक-एक हाथ ऊँची तथा एक-एक हाथ चौड़ी होती है।

२२—ग्रहवेदीमें तीन सीढ़ी (वप्र) होती हैं। ग्रहवेदीकी तरह वास्तु, क्षेत्रपाल और योगिनी वेदीमें भी तीन-तीन सीढ़ी (वप्र) ही होनी चाहिये।

२३—प्रधानवेदीमें दो सीढ़ी (वप्र) होती हैं।

२४—ग्रहवेदी आदि सभी वेदियोंकी ऊपर की मध्य की सीढ़ी तीन-तीन अंगुल ऊँची और दो-दो अंगुल चौड़ी होती हैं। नीचेवाली तीसरी सीढ़ी दो अंगुल चौड़ी होती है।

२५—ग्रहवेदी आदि सभी वेदियों की तीनों सीढ़ियोंमें ऊपरवाली सीढ़ी सफेद रंगकी, मध्यवाली लाल रंगकी, और नीचेवाली काले रंगकी होती है।

२६—प्रधानवेदीकी ऊपरवाली सीढ़ी सफेद रंगकी और नीचेवाली लाल रंगकी होती हैं।

२७—यज्ञमण्डप में सोलह स्तम्भ होते हैं। बड़े मण्डपमें अर्थात् सौ हाथके मण्डपमें पच्चास हाथके मण्डपमें और बत्तीस हाथके मण्डपमें यज्ञमण्डपकी मजबूतीके लिये सोलह स्तम्भ से अधिक स्तम्भ भी लगाये जा सकते हैं।

२८—सोलह हाथ के यज्ञमण्डप में भीतरवाले चार स्तम्भ नौ हाथके और बाहरवाले बारह स्तम्भ पाँच हाथके होते हैं।

२९—मण्डपस्थ स्तम्भों के पाँचवें हिस्सेको भूमिमें गाड़ देना चाहिये।

३०—यज्ञ-मण्डपमें स्तम्भों के लगानेका क्रम यह है कि-यज्ञमण्डप जितना बड़ा हो, उसमे आधे प्रमाणके भीतरी चार स्तम्भ और बाहरी बारह स्तम्भ सात हाथ के लगाने चाहिये।

३१—यज्ञमण्डप के स्तम्भ यज्ञिय वृक्षके अथवा बाँसके अथवा अन्य पवित्र वृक्षके लगाने चाहिये।

३२—यज्ञमण्डप के स्तम्भों की मोटाई सोलहअंगुल, दसअंगुल अथवा यथेच्छ कही गई है।

३३—यज्ञमण्डपके सोलह स्तम्भों में ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र, सूर्य, गणेश, यम नागराज, स्कन्द ( कार्तिकेय ) वायु, सोम, वरुण, अष्टवसु, धनपद ( कुबेर ), बृहस्पति और विश्वकर्मा—इन सोलह देवताओंका स्थापन होता है।

३४—यज्ञ-मण्डपके सोलह स्तम्भों में इस प्रकार रंगीन वस्त्र लगाना चाहिये—मण्डपके भीतरवाले चार स्तम्भोंमें क्रमशः १-ईशान कोणके स्तम्भमें लाल वस्त्र, २—अग्निकोणके स्तम्भमें सफेद वस्त्र, ३- नैर्ऋत्यकोणके स्तम्भमें काला वस्त्र ४—वायव्य कोणके स्तम्भमें पीला वस्त्र ही होना चाहिये।

मण्डपके बाहरवाले बारह स्तम्भोंमें इन रंगों के वस्त्र होने चाहिये—१ ईशानकोणके स्तम्भमें लालवस्त्र, २—ईशान और पूर्वके स्तम्भके मध्य में सफेद वस्त्र, ३—पूर्व ओर अग्निकोणके स्तम्भके मध्यमें कालावस्त्र, ४-अग्निकोणके स्तम्भमें काला वस्त्र, ५-अग्निकोण और दक्षिणके मध्यके स्तम्भमें सफेद वस्त्र, ६—दक्षिण और नैर्ऋत्यकोणके मध्यके स्तम्भमें धूम्र वस्त्र, ७-नैर्ऋत्यकोणमें सफेद वस्त्र, ८-नैर्ऋत्य और पश्चिमके मध्यके वस्त्र, ९—पश्चिम और वायव्यकोणके मध्यके स्तम्भमें सफेद वस्त्र, १०-वायव्यकोणमें पीला वस्त्र, ११- उत्तर और वायव्य-कोणके मध्यमें पीला वस्त्र और १२—उत्तर और ईशानकोणके मध्यमें लाल वस्त्र ही होना चाहिये।

३५-दश दिक्पाल की दस ध्वजा होती हैं। ये ध्वजा त्रिकोण ही होती है।

३६-ध्वजा दो हाथ चौड़ी और पाँच हाथ लंबी होती है। किसी आचार्य का मत है कि-ध्वजा एक हाथ चौड़ी और एक हाथ लंबी होती है।

३७-पूर्व दिशा मेंपीले रंगकी ध्वजा इन्द्रकी होती हैं तथा इसका वाहन सफेद रंगका हाथी होता है। अग्निकोणमें लाल रंगकी ध्वजा अग्निकी होती है। इसका वाहन सफेद रंगका मेढ़ ( मेढ़ा ) होता है।

दक्षिण दिशामें काले रंगकी ध्वजा यमकी होती है तथा इसका वाहन लाल रंगका महिष ( भैंसा ) होता है। नैर्ऋत्यकोणमें नील

रंगकी ध्वजा निर्ऋतिकी होती है व इसका वाहन सफेद रंगका सिंह होता है।

पश्चिम दिशामें सफेद रंगकी ध्वजा वरुणकी होती है तथा इसका वाहन धूम्र वर्णकी मछली होती है। वायव्यकोणमें धूम्र अथवा हरे रंगकी ध्वजा वायुकी होती है व इसका वाहन काले रंगका हरिण ( मृग ) होता है।

उत्तर दिशा में सफेद अथवा हरे रंगकी ध्वजा सोमकी होती है और इसका वाहन सुवर्णके तुल्य अश्व ( घोड़ा ) होता है। ईशानकोणमें सफेद रंगको ध्वजा ईशानकी होती है और इसका वाहन लाल रंगका बैल होता है।

३८—ब्रह्माकी ध्वजा ईशानकोण और पूर्वके मध्यमें सफेद या लाल रंगकी होती है तथा इसका वाहन सफेद रंगका हंस होता है।

३९—अनन्तकी ध्वजा नैर्ऋत्यकोण और पश्चिम के मध्यमें सफेदरंग की या कालेरंगकी होती है और इसका वाहन गरुड़ होता है।

४०—ध्वजाओंको दस-दस हाथके लंबे बाँसमें लगाना चाहिये।

४१—हाथी, मेढ़ा, भैंस, सिंह, मछली, मृग, घोड़ा, बैल, हंस और गरुड़ ये ध्वजाओंके वाहन हैं।

४२—दश दिक्पालकी दस पताकाएँ होती है। ये चतुष्कोण (चौकोर) होती हैं।

४३—ध्वजाओंकी तरह पताकाओंका भी रंग होता है।

४४—पताका सात हाथ लंबी और एक हाथ चौड़ी होता है।

४५—पूर्व दिशाकी पताकामें आयुध वज्र होता है। अग्निकोणकी पताकामें आयुध शक्ति अर्थात् तलवार होती है। दक्षिण दिशाकी पताकामें आयुध दण्ड होता है। नैर्ऋत्यकोणकी पताकामें आयुध खड्ग होता है। पश्चिम दिशाकी पताकामें आयुध पाश होता है। वायव्यकोणकी पताकामें आयुध अङ्कुश होता है। उत्तर दिशाकी पताकामें आयुध गदा होती है। ईशानकोणकी पताकामें आयुध

त्रिशूल होता है। पूर्व और ईशानकोणके मध्यकी पताकामें आयुध कमण्डलु होता है और पश्चिम और नैर्ऋत्यकोणकी पताकामें आयुध चक्र होता है।

४६—वज्र, शक्ति, दण्ड, खड्ग, पाश, अंकुश, गदा और त्रिशूल-ये पताकाओंके आयुध हैं।

४७—पताकाओंको दस-दस हाथके लंबे बाँस में लगना चाहिये।

४८—महाध्वज एक होता है और यह त्रिकोण होता है।

४९—महाध्वज दस हाथका अथवा सात हाथका अथवा पाँच हाथका लंबा होता है और पाँच हाथका अथवा साढ़े तीन हाथका अथवा तीन हाथका चौड़ा होता है।

५०—महाध्वज पंचरंगा अथवा चित्र-विचित्र रंगका होता है।

५१—महाध्वजको दस हाथ, सोलहहाथ, इकतीस हाथ अथवा बत्तीस हाथके लंवे बाँसमें लगाना चाहिये।

५२—महाध्वजको यज्ञमण्डपके मध्य में अथवा यज्ञमण्डपके ईशान कोणमें ही लगाना चाहिये।

५३—यज्ञमण्डप में चार मण्डपद्वार होते हैं। यह अढ़ाई हाथ चौड़े और तीन हाथ ऊँचे होता हैं।

५४ मण्डपके द्वार ( दरवाजे ) बल्ली आदिके बनते हैं।

५५—यज्ञमण्डपके चारों दिशाओंके चारो द्वारोंमें चार 'तोरणद्वार' होते हैं। ये चारों तोरणद्वारसे एक-एक हाथ अथवा दो दो हाथकी दूरीपर ही बनाने चाहिये।

५६—तोरणद्वारोंमें मण्डपके द्वारों की तरह नीचे की ओर लकड़ी ( देहली ) नहीं होती।

५७—तोरणद्वार बनाने के लिये पूर्वमें पीपल वट ( वरग की, दक्षिण-में गूलरकी, पश्चिममें पीपलकी अथवा पाकरकी और उत्तरमें पकार वट या ( बरगद ) की लकड़ी होनी चाहिये। यदि चारों द्वारों के लिये उपरोक्त अलग-अलग लकड़ी प्राप्त न हो सके,

तो निर्दिष्ट लकड़ियोंमें से किसी भी उपलब्ध एक लकड़ी से भी तोरणद्वार बनाये जा सकते है।

५८—पूर्वद्वारके तोरणमें पीला वस्त्र, दक्षिणद्वारके तोरणमे काला वस्त्र, पश्चिमद्वारके तोरण में सफेद वस्त्र और उत्तरद्वारके तोरण में पीला वस्त्र लगाना चाहिये।

५९—विष्णुयाग में चारों तोरण द्वारोंके ऊपर क्रमशः पूर्वमें शंख, दक्षिणमे चक्र, पश्चिममें गदा और उत्तरमें पद्म लगाना चाहिये।

६०—विष्णुयाग में उत्तम मण्डपमें १४ अंगुल लंबा और ३॥ अंगुल चौड़ा शंखतोरण पर गाड़ना चाहिये। मध्य मण्डपमें १२ अगुल लंबा और अंगुल चौड़ा शंख तोरणपर गाड़ना चाहिये। अधम मण्डपमें १० अंगुल लंबा और २॥ अंगुल चौड़ा शंख तोरण पर गाड़ना चाहिये।

उपरोक्त विष्णुयज्ञ के उत्तमादि मण्डपके शंखादिके कीलोंका पञ्चमांश तोरण पर गाड़ देना चाहिये व द्वारका पाँचवाँ हिस्सा मण्डप से एक हाथ बाहर पूर्ववत् गाड़ना चाहिये।

६१—रुद्रयागमें चारों दिशाओंमें लगे हुए चारों तोरणद्वारोंके ऊपर त्रि शूल बनाना चाहिये।

६२—रुद्रयागमें उत्तम मण्डपमें १३ अगुल लंबा और ३ अंगुल चौड़ा त्रिशूल तोरण गाड़ना चाहिये। मध्यम मण्डपमें ११ अंगुल लंबा और २॥। अंगुल चौड़ा त्रिशूल तोरणमें गाड़ना चाहिये। अधम मण्डपमें ९ अगुल लंबा और २। अंगुल चौड़ा त्रिशूल तोरणमें गाड़ना चाहिये। अधम मण्डपमें २ अंगुल त्रिशूलको तोरणमें गाड़ना चाहिये।

उपरोक्त रुद्रयज्ञके उत्तमादि मण्डपके त्रिशूलादिके कीलोंका पञ्चमांश तोरण पर गाड़ना चाहिये और द्वारका पाँचवाँ हिस्सा मण्डप से एक हाथ बाहर पूर्ववत् गाड़ना चाहिये।

६३-यज्ञमण्डपके बाहर अट्ठारह कलश होते है। इनमें चार कलश मण्डपके बाहर चारों दिशाओं चारों कोनोंमें रखे जाते हैं और चार कलश चारों विदिशाओंके चारों कोनोंमें रखे जाते है और एक कलश पूर्व और ईशानकोणके मध्यमें ब्रह्माका होता है तथा एक कलश पश्चिम और नैर्ऋत्यकोणके मध्यमें अनन्तका होता है। ये दसकलश दशदिक्पालके होते हैं।

मण्डपके चारों द्वारोंपर दो-दो कलश होते हैं, जिन्हें 'द्वार-कलश' भी कहते हैं। इस प्रकार यज्ञमण्डपके अट्ठारह कलश होते है।

६४-यज्ञमण्डप के शिखरकाप्रमाण प्रायःकिसी भी कुण्डमण्डपग्रन्थकार ने नहीं लिखा है। अतः महर्षि कात्यायनके 'अर्थात् परिमाणम्' इस प्रमाणके अनुसार मण्डपानुकूल ही शिखरका निर्माण करना चाहिये।

६५-यज्ञमंडप के भीतर ऊपर छतकी ओर चारों तरफ सफेद वस्त्रका चँदवा लगाना चाहिये।

६६-स्तभों को वस्त्रों से ढकना चाहिये। यह शारदातिलकका मत है।

६७-( क ) आठ हाथ के मण्डप को 'जय' संज्ञा ( ख ) दश हाथके मण्डप को 'विजय' संज्ञा ( ग ) बारह हाथ के मण्डप को 'भद्र' संज्ञा। ( घ ) चौदह हाथ के मण्डपको 'सुभद्र' संज्ञा। (च) सोलह हाथ के मण्डप को 'आनाक' संज्ञा। ( छ ) अठारह हाथ के मण्डप को विश्वरूप' संज्ञा। ( ज ) बीस हाथ के मण्डप को 'ध्रुव' संज्ञा। बाइस हाथ के मण्डप को सुभद्रक' संज्ञा। चौबीस हाथ के मण्डप को 'सुप्रसन्न' संज्ञा बोधायन मुनि ने कही है।

६८-चौबीस हाथ के मण्डप का नाम घन, बाइस हाथ का मण्डप दक्ष, बीस हाथ का मण्डप घर्घर, अठारह हाथ का सुघोष, कला हाथ

का कामराजक, चौदह हाथ काञ्चन, बारह का विराम, दशहाथ का घोर, आठ का धन मण्डप विधानपारिजातके मत से होता है।

६९—पन्द्रह अंगुल खात पक्ष में नव अंगुल की मेखला होगी।

७०—मुष्टिमात्र कुण्ड में मेखला की ऊचाई और लवाई दो अंगुल, एक अगुल और आधी अंगुल की होगी।

७१—अत्रिमात्र कुण्ड मेखला तीन दो और एक अंगुल की होगी।

७२—दो हाथ के कुण्ड में मेखला छः चार और अँगुल की बराबर की होगी।

७३—चार हाथ के कुण्ड में आठ, छ और चार अंगुल की मेखला होगी।

७४—छः हाथ के कुण्ड में मेखला दस आठ और छ: अंगुल की होगी।

७५—आठ हाथ के कुण्ड में मेखला बारह, दस और आठ अंगुल की होगी।

७६—दस हाथ के कुण्ड में मेखला चौदह, बारह और दसअंगुल की होगी।

७७—कुण्डकल्पद्रुममतसे कुण्ड वेदीका अन्तर सवाहाथ छोड़कर करे यह प्राय: सोलह हाथ मण्डप परक है।

७८—क्रियासार मतसे बेदी और कुण्ड का अन्तर दो हाथ का होना चाहिये। चौबीस हाथ मण्डप परक है।

७९—दिशा और विदिशा में वेदियों के लिए तेरह-तेरह अंगुल जमीन छोडकर वेदी बनानी चाहिये।

८०—चतु: कुण्डी पक्षे खात नास्मीत्युक्तं हेमाद्री—यत्रोपदश्ते कुण्डं चतुरकं तत्र कर्णगि वेदास्मसधंचन्द्रं च वृतं पद्मनिभितं तथा। पीठ वद्वर्धयेत्कुण्डं सुप्रमाणेवगर्तकम् ॥

८१ चतुरस्रकुण्ड शांति, विजय लक्ष्मी सिद्धि, स्तंभन कार्य के लिए बनाना चाहिये।

८२—अर्धचन्द्रकुण्ड—वशीकरण, प्रजावृद्धि, संताप, शान्तिकामना, मंगलकामना और मारणकामना के लिए चाहिये।

८३—त्रिकोण—आकर्षण, शत्रुनाश, और द्वेषकामना के लिए बनाना चाहिये।

८४—षट्कोण कुण्ड—मारण, स्तंभन और उच्चाटन कार्य के लिए बनाना चाहिये।

८५—वृत्तकुण्ड—अभिचार, सुख-मंगलकामना, और शान्तिकामना के लिए बनाना चाहिये।

८६—पद्मकुण्ड—मानसिद्धि, धन कामना, आरोग्य कामना, वृष्टि कामना, प्रजनन, पौष्टिककार्य तथा सब कामनाओं के लिए बनावे।

८७—योनिकुण्ड—पुत्र, ऐश्वर्य और आकर्षणकामना के लिए बनावे।

८८—अष्टास्रकुण्ड—मुक्तिकामना; शुभकामना और योनिसिद्धि कामना के लिए बनावे।

८९—पञ्चास्रकुण्ड—भूत-प्रेतादि को हटाने के लिए होता है।

९०—सप्तास्रकुण्ड—अभिचार के लिए होता है।

९१—आचार्यकुण्ड—सम्पत्ति और ऐश्वर्य को देने वाला होता है।

९२—कौशिक परिशिष्ट मत से पद्मकुण्ड सब कामना के लिए बना सकते हैं। 'सर्व कर्मसुविज्ञेयं कुण्डं पक्ष निधं तु यत्।'

९३—नित्यषोडशिकार्णवतन्त्र का मत है कि—

१—योनि कुण्ड से बोलने में चपलता और आकृति उत्तम होती है। (२) वर्तुल से लक्ष्मी प्राप्ति होता है। (३) अर्धचन्द्र

कुण्ड से उपरोक्त तीनों बातें मिलती हैं। (४) षडस्र और त्रिकोण कुण्ड से खेचरत्त्व की प्राप्ति होती है। (५) चतुरस्र से शान्ति, लक्ष्मी, पुष्टि और आरोग्यता प्राप्त होती है। (६) पद्मकुण्ड से सब प्रकार की सम्पत्ति जल्दी मिलती है। (७) अष्टकोण कुण्ड से अच्छा फल प्राप्त होता है।

विशेष-किसी का कहना है कि—जिस कुण्ड के ग्रन्थ द्वारा चतुरस्र आदि कुण्डों का निर्माण करे उसी से जितने आवश्यक हो कुण्डों को बनावे। ऐसा कोई नियम नहीं है। फिर भी उनके त्याग का कोई विधिवाक्य हो ऐसा भी नहीं देखने में आया।

९४—बारह अंगुल मेखलापक्ष में योनि की ऊचाई पन्द्रह अंगुल और चौड़ाई तेरह अंगुल होगी।

९५—मेखला कुण्ड के बाहर बनेगी कुण्ड के भीतर नहीं।

९६—कुण्ड के चारों तरफ पृथ्वी को छोड़कर बाहर-बाहर मेखला बनेगी।

९७—नवअंगुल ऊँची, तीन अंगुल ऊँची और विस्तार-अंगुल, तीन अंगुल और दो अंगुल अलग होगा।

९८—कुण्डो दधि-मेखला कण्ठ के बाहर रहती है।

'कण्ठे तद्बाध्मे मेखला स्युः,

कुण्ड कल्पद्रुम कुण्ड रूप सहशाहि मेखला।

९९-कुण्ड कौमुदी और कुण्ड रामवाजपेयी मत से पद्मकुण्ड को छोड़कर बाकी के कुण्डों में कुण्ड के आकार की या पद्माकार नाभी बनावे।

कुण्डकौमुदी—नाभी दो अंगुल ऊँची और चार अंगुल चौड़ी होती है। कुण्ड कारिका—४ अगुल चौड़ी २ अंगुल ऊँची नाभी होती है। नाभी ठीक कुण्ड के मध्य मे रहती है।

नाभी पक्षकुण्ड में नाभी ६ अंगुल लम्बी उतनी ही ऊँची होती है और वर्तुल होती है। उसके चारों तरफ केसर लगते है।

१००—गुरु ( आचार्य ) और ऋत्विज मिलकर कुण्ड की भूमि का परीक्षण करे। ( विधान पारिजात पृ० ५७८ )

१०१—यज्ञ यागादि में ब्राह्मणयुग्म रखने चाहिये।

१०२—अंग विकल धन-धान्य पहारी सर्वांग विकल आदि ऋत्विज व्रत होने से यजमान का नाश होता है।

१०३—अनुष्ठान क्रिया कुशल, यज्ञों की प्रक्रिया को जानने वाले, मन्त्रार्थ वेता, स्वस्त्रीसेवी ब्राह्मणों को यज्ञ कार्य में ग्रहण करना चाहिये।

१०४—योनी के न रहने से स्त्री किसी के मत से पुत्र का मरण होता है।

१०५—कुण्ड के बन जाने पर मण्डप के चौतरे के ऊपर लबा-लब आ जाने पर योनि बनाना चाहिये।

'स्थलदारभ्य योनिः स्यात् इति स्वायंभव वचनात्।

१०६—योनी के एक दम ऊपर आजाने पर मध्य में कुछ ऊँची रखे। प्रयोगसारमतसे मध्य में निम्न हो। क्योंकि मध्य में उच्चता रखने पर योनि के एक दम आगे जो छिद्र रहेगा। उस से आज्य का जाना असंभव होगा। यह कोटिहोमकारमत है।

१०७—योनी के ऊपर चारों तरफ परिधि पर मेखला एक अंगुल या दो अंगुल की रखे।

१०८—कुण्ड की मेखला पश्चिमदिशासे या दक्षिणदिशा के ठीक मध्य से योनी बनाना चाहिये।

१०९—रामवाजपेयी मत से—पुरुष का पाँचवां अंश ( भाग ) कर ( हाथ ) होता है।

११०—सांप्रदायिकमत से—दुगनी से मध्य अंगुली पर्वकी पूरी लंबाई तक होती है।

१११–कात्यायन मत से एड़ी और बाहुओं को ऊपर दीवाल के सहारे उठाकर या बिना एड़ी उठाए खड़े होकर नाप करावे। उसका जो पांचवा अंश हो। उसे हस्त को कुण्डप के और मण्डप के कार्य में लेवे। यह पक्ष श्येनादिचिति मात्र विषय परक है। हेमाद्रआदि ग्रन्थकार ने भी अपनी यही स्वीकृति दी है।

११२–किसी के मत से अंगूठे के पर्वपर्यन्त तक ग्रहण करना लिखा है।

११३–कुण्ड कार्य में मुष्यङ्गलं देहांगुल का ग्रहण करे। पंचरात्र मत से वैकल्पिक है।

११४—'कर्म करोऽथवा' कर्ता का हाथ पूरी अंगुली तक ग्रहण करे।

११५—घर के ईशान भाग में मण्डप बनवावे। वसिष्ठ संहिता का मत है।

११६—शिवालय, तीर्थ के किनारे पर, गोशाला अपने घर में या किसी संशोधित भूमि में मण्डप बना सकते है। यह कुण्डकल्पद्रुम का मत है।

११७—जलाशयोत्सर्गकार्य में सीढ़ी से दस हाथ छोड़कर ईशान उत्तर दिशा में मण्डप बनवावें।

११८—द्विमुख, त्रिमुख, चतुर्मुख, पंचमुख, षष्ठमुख में दक्षिणोत्तर दो कुण्ड होंगे।

११९—इसमें आचार्य कुण्ड दक्षिण दिशावाला होगा।

१२०—एक मुख में आचार्य कुण्ड मध्य का होगा। पांच कुण्डी ईशान का सात कुण्डी में ईशान और पूर्व का होगा।

१२१—शतमुख में नैऋ‍र्त्यका होगा।

१२२—नवग्रह में सूर्य प्रधान होने से आचार्य कुण्ड सूर्य काहोगा।

१२३—दस मुख में आचार्य कुण्ड नैऋ‍र्त्यका ही होगा।

१२४—'यो निमध्यगतं लिगं मृत्पिण्डो' दक्षिणोतरौ। कुण्ड मरीचिमाला।

१२५—योनि का मुख पूर्व दिशा की तरफ अधोमुख रहना चाहिये।
१२६—योनी की लंबाई एक अंगुल अग्रभाग कुण्ड के मध्य में पश्चिम दिशाकी तरफ से प्रवेश कराना चाहिये।
१२७—योनि के न होने पर अपस्मार रोग होता है।
१२८—मानकी कमी में दरिद्रता होती है।
१२९—सूत्रकी अधिकतासे मित्र से शत्रुता होता है।
१३०—न्यून खात में असिद्धि होती है।
१३१—अधिक खात में असुरों का राज्य होता है।
१३२—टूट फूट में उच्चाटन होता है।
१३३—छिद्रता में मूक होता है।
१३४—योनि का मध्य कूर्मपृष्ठोत्तर होना चहिये।
१३५—योनि के ऊपर चारों तरफ एक अंगुल मेखला बनावे।
१३६—योनि पीछे से कुछ ही ऊँची हो।
१३७-कोटिहोमकारमतसे-घर के बाहर मण्डप बनाने की आवश्यकता हो तो अपने घर की जितनी लंबाई हो उतनी जगह छोड़कर मण्डप और कुण्ड बना सकते हैं।
१३८—जमीन से एकहाथ या आधाहाथ मट्टी आदि से ऊँची करने वही मण्डप का स्थल ( भूमि ) माना जायगा। 'स्थलादर्काङ्गुलोच्छ्रायं मण्डपस्थमीरितम्' सिद्धान्तशेखर महाकपिल पञ्चरात्र मत से मण्डप भूमि एक ही हाथ ऊँची करे।
१३९ ब्राह्मणादि वर्ण के व्यक्ति अपने-अपने कार्यों के अनुसार मण्डप विस्तार कर सकते हैं।
१४०—घन, घोष, बिराज, कांचन, कामराजक, सुवोष, घर्घर, दक्ष और गहन ये नौ मण्डप के नाम हैं।

# महत्त्वपूर्ण यज्ञों की हवन सामग्री

## विष्णुयाग हवन सामग्री

| | | |
|---|---|---|
| तिल छह मन | चावल तीन मन | यव डेढ़ मन |
| चीनी एक मन | घृत दो मन | कमलगट्टा एक सेर |
| चन्दनका चूरा दो सेर | गुग्गुल एक सेर | पंचमेवा ,, सेर |
| भोजपत्र दो पाव | चन्दनका चूर दो सेर | गुग्गुल ,, सेर |
| पंचमेवा दो सेर | भोजन दो पाव | |
| आमकी लकड़ी बीस मन | | |

## रुद्रयाग हवन सामग्री

| | | |
|---|---|---|
| तिल छह मन | चावल तीन मन | यव डेढ़ मन |
| चीनी एक मन | घृत दो मन | कमलगट्टा एक सेर |
| चन्दन चूरा दो सेर | गुग्गुल एक सेर | पंचमेवा एक सेर |
| भोजपत्र दो पाव | | |
| आमकी लकड़ी बीस मन | | |

## विश्वशान्ति महायाग हवन समाग्री

| | | |
|---|---|---|
| तिल आठ मन | चावल चार मन | यव दो मन |
| चीनी एक मन | घृत दो टीन | पंचमेवा एक सेर |
| चन्दनका चूरा दो सेर | कमलगट्टा एक सेर | भोजपत्र दो पाव |
| गुग्गुल एक सेर | | |
| आमकी लकड़ी बीस मन | | |

## शिवशक्तिमहायाग हवन सामग्री

| | | |
|---|---|---|
| तिल आठ मन | चावल चार मन | यव दो मन |
| चीनी एक मन | घृत दो टीन | पंचमेवा एक सेर |
| चन्दनका चूरा दो सेर | कमलगट्टा एक सेर | भोजपत्र दो पाव |
| गुग्गुल एक सेर | | |
| आमकी लकड़ी बीस मन | | |

## गणेशयाग हवन सामग्री

| | | |
|---|---|---|
| तिल ग्यारह मन | चावल छहः मन | यव तीन मन |
| चीनी डेढ़ मन | घृत दो टीन | पंचमेवा एक सेर |
| चन्दन का चूरा दो सेर | कमलगट्टा एक सेर | भोजपात्र दो पाव |
| गुग्गुल दो सेर | | |
| आमकी लकड़ी पच्चीस मन | | |

## लक्ष्मीनारायणयाग हवन सामग्री

| | | |
|---|---|---|
| तिल ग्यारह मन | चावल साढ़े पाँच मन | यव ढ़ाई मन |
| चीनी एक मन | घृत दो टीन | पंचमेवा एक सेर |
| चन्दनका चूरा दो सेर | कमलगट्टा एक सेर | भोजपत्र दो पाव |
| गुग्गुल एक सेर | | |
| आमकी लकड़ी बीस मन | | |

## महत्त्वपूर्ण यज्ञों की आहुति का विधान

१— रुद्र यज्ञ में १८११ आहुती-लघुरुद्रयज्ञ में १९९२१ आहुति-महारुद्रयज्ञमें २१९१३१ आहुति तथा अतिरुद्रयज्ञमें २४१०४४१ आहुति का विधान होता हैं।

२— विष्णुयाग में १६००० आहुति होती हैं। इसमें १००० पुरुष सूक्त की आवृत्ति होती हैं। महाविष्णुयाग में १६०००० आहुती होती हैं। इसमें १०००० पुरुषसूक्त की आवृति होती हैं। अति विष्णुयाग ३२०००० आहुती होती हैं। इसमें २०००० पुरुषसूक्त की आवृति होती है।

३—गणेशयाग में १००००० (एक लाख) आहुति होती हैं।

४— लक्ष्मीयाग में श्री सूक्त (ऋग्वेदोक्त) मंत्रों से आहुति होती है।

५—विश्वशांति याग में शुक्लयजुर्वेद के छत्तिसवें अध्याय के सभी मंत्रों से आहुति होती हैं।

# यज्ञ-सामग्री

रोली एक पाव
मौली एक पाव
धूपबत्ती पाँच पैकेट
केसर छह मासा
कपूर चार तोला
अबीर ( गुलाब )
बुक्का ( अभ्रक )
सिन्दूर
पीसी हलदी एक पाव
यज्ञोपवीत पचास
रूई एक पाव
चावल
सुपारी पांच सेर
पान पचास प्रतिदिन
पेड़ा एक सेर प्रतिदिन
ऋतुफल दो दर्जन प्रतिदिन
बतासा डेढ़ सेर
पंचमेवा डेढ़ सेर
मिश्री डेढ़ सेर
इलायची छोटी दो तोला
लवंग दो तोला
जावित्री दो तोला
जायफल पन्द्रह
अतरकी शीशी दो
गुलाबजलकी शीशी एक

कस्तूरीकी शीशी एक
दुग्ध एक किलो प्रतिदिन
दही एक पाव प्रतिदिन
चीनी एक पाव प्रतिदिन
गो घृत
सहत एक पाव
गोबर
गोमूत्र
पीली सरसों
कच्चासूत एकपाव
पुष्पमाला दोदर्जन प्रतिदिन
पुष्प फुटकर प्रतिदिन
तुलसी प्रतिदिन
दूर्वा प्रतिदिन
बिल्वपत्र प्रतिदिन
कुशा प्रतिदिन
गंगाजल प्रतिदिन
नारियल जटादार पच्चीस
गिरिके गोले-११
चन्दनका मुट्ठा-एक
हरसा एक
रुद्राक्षकी माला एक
एक रुपये का लालरंग
" " हरारंग
" " पीला रंग
" " काला रंग

पंचरत्नकी पुड़िया सात

पञ्च-पल्लव—

आम्रपत्र

गूलरपत्र

पाकरपत्र

वटपत्र

पीपलपत्र

सर्वौषधि—

दो रुपये का मुरा

" " जटामासी

" " वच

" " कूट

" " शिलाजीत

" " आँबाहलदी और दारूहलदी

" " चन्दन का चूरा

" " चंपा

" " नागरमोथा

सप्तमृत्तिका—

हाथीके स्नानकी मिट्टी

घोड़े स्थानकी मिट्टी

बिल ( दीमक ) की मिट्टी

नदी संगमकी मिट्टी

तालाबकी मिट्टी

राजद्वार ( चतुष्पथ ) की मिट्टी

सप्तधान्य—

यव डेढ़ सेर

गेहूँ डेढ़ सेर

धान डेढ़ सेर

तिल डेढ़ सेर

ककुनी एक पाव

सावाँ दो पाव

चना डेढ़ सेर

नवग्रह समिधा—

मदारकी लकड़ी एक सौ आठ

पलाशकी लकड़ी " "

खैरकी लकड़ी " "

अपामार्गकी लकड़ी " "

पीपलकी लकड़ी " "

गूलरकी लकड़ी " "

शमीकी लकड़ी " "

दूर्वा " "

कुशा " "

मृगचर्म नवीन एक

कंबल नवीन एक

सूतकी डोरी मोटी दस हाथकी

रूई एक पाव

लोहेकी कटिया चार

तांबेका तार पचीस हाथ

काष्ठकी चौकी नूतन दो

काष्ठका पीढ़ा नूतन चार

काला उड़द डेढ़ सेर

यज्ञपात्र—
प्रणीता
प्रोक्षणी
स्रुवा
स्रुची
स्फ्य
वसोर्धारा
अरणि-मन्था
शंख एक
घण्टा एक
घड़ौल एक
आरती दानी एक
प्रधान कलश चाँदीका अथवा
ताम्रका एक
वास्तु कलश ताम्रका एक
क्षेत्रपाल कलश ताम्रका एक
योगिनी कलश ताम्रका तीन
अथवा एक
रुद्र कलश ताम्रका एक
प्रवेश कलश ताम्रका एक
कलश ताम्रके अठारह
पुण्याहवाचन कलश कमण्डलु एक
पूर्णपात्र(बधोना) ब्रह्माके लिये एक
प्रधान कुण्डका ताम्रका एककलश
थाली मुरादाबादी चार
परांत बड़ी एक
आज्यस्थाली ( कटोरा बड़ा )
हवनार्थ एक
चरुस्थाली ( बघोना ) एक
अभिषेकपात्र एक
काँसेकी थाली एक
कड़छुल पीतल एक
सड़सी पीतल एक
चिमटा पीतल एक
छायापात्र (कांसेकी कटोरी) दो
कटोरी पूजनार्थं ग्यारह
बालटी पीतल की एक
गंगासागर एक

देवताओंको चढ़ाने के वस्त्र—
भगवान् के लिये रेशमी
पीतांबर एक
रेशमी जनानी साड़ी एक
कब्जा जनाना एक
रेशमी चुदड़ी एक
सौभाग्य पिटारी एक
शृङ्गारदान एक
दुशाला अथवा ऊनी चादर एक
धोती पन्द्रह अथवा ग्यारह
दुपट्टा ,, अथवा ,,
अंगोछा ,, अथवा ,,
ध्वजा-पताका तथा वेदी आदि-
के लिये वस्त्र—
सफेद कपड़ा पचीस गज
लाल कपड़ा पन्द्रह गज

हरा कपड़ा पन्द्रह गज
काला कपड़ा,, गज
पीला कपड़,, गज
चँदवा पचरंगा बड़ा एक
चंदवा छोटे पाँच
मण्डपाच्छादनार्थ वस्त्र सफेद थान दो
देवताओंकी तस्वीर बड़ी सोलह
शीशा बड़ा एक
घुँघरू पीतलके पचास
प्रतिमा सुवर्ण की
४ तोलेकी अथवा १। तोलेकी १

प्रधान देवी की प्रतिमा सुवर्णकी १। तोलेकी एज
भगवान्के लिये सुवर्णकीएकमाला
वास्तुकी प्रतिमा सुवर्णकी छह मासेकी एज
क्षेत्रपालकी प्रतिमा सुवर्णकी ६ मासेकी एक

योगिनीकी प्रतिमा सुवर्णकी ६ मासेकी एक
नवग्रहकी प्रतिमा सुवर्णकी ६ मासेकी एक

रुद्रकी प्रतिमा सुवर्णकी ६ मासेकी एक
सुवर्णकी शलाका ३ मासेकी एक
सुवर्णकी जिह्वा ३ मासेकी एक
सुवर्ण खण्ड इक्यावन
गरुडकी प्रतिमा चाँदीकी एक
नन्दीकी प्रतिमा चाँदीकी एक
चाँदीका सिंहासन एक
चाँदीका छत्र ,,
चाँदीका चंवर ,,
चाँदीकी थाल ,,
चाँदीकी कटोरी दो
चाँदीका गिलास एक
चाँदीकी तस्तरी ,,
चाँदीका पंचपात्र ,,
चाँदीकी आचमनी ,,
चाँदीका अर्घा ,,
चाँदीका तष्टा ,,
चाँदीकी धूपदानी ,,
चाँदीकी आरतीदानी ,,
चाँदीका चोकोरपत्र ( १६ अंगुल लंबा और चौड़ा ) एक

वस्त्र-सामग्री—

धोती रेशमी सूती
दुपट्टा ऊनी, रेशमी अथवा सूती

अंगोछा
लोटा
गिलास
पंचपात्र
आचमनी
गोमुखीमाला
खड़ाऊँ
यज्ञोपवित
आसन
अंगूठीसुवर्णकी

**आचार्य-वरणसामग्री—**

पीतांबर रेशमी एक
दुशाला एक
शिल्क रेशमी एक
अंगोछा एक
लोटा चाँदीका एक
गिलास चाँदीका,,
पंचपात्र चाँदीका एक
आचमनी चाँदीकी एक
अर्घा चाँदीका एक
तष्टा चाँदीका ,,
सुवर्णकी अँगूठी ,,
सुवर्णकी माला ,,
रुद्राक्षकी माला,,
ऊनी गलीचे का अतरदान,,
गोमुखी माला ,,
खड़ाऊँ एक जोड़ा
यज्ञोपवीत एक

**शय्यादान-सामग्री —**

पलंग नेवारका एक
दरी एक
रूईका गद्दा एक
चाँदनी
चदरा एक
सुजनी एक
मसहरी एक
रजाई एक
कंबल एक
तकिया दो
धोती एक
दुशाला एक
शिल्क एक
पीतांबर एक
जनानी साड़ी एक
कमीज एक
साफा ( पगड़ी ) एक
छाता एक
जूता ( स्वदेशी ) एक जोड़ा
घड़ी एक
पानदान ,,
पीकदान ,,
अतरदान ,,
भोजनके पात्र पन्द्रह या ग्यारह
लालटेन ,,

सभी प्रकारके अन्न
गोघृत टीन एक
शीशा बड़ा एक
सौभाग्यपिटारी एक
शृंगारदान एक
अंगूठी सुवर्ण की एक
सिकड़ी सुवर्ण की एक
कण्ठी सुवर्ण की एक
चाँदीके बर्तन पाँच
गीताकी पुस्तक एक
वेद और पुराणकी पुस्तकें